सोमवार, 23 फरवरी 2026

**मौसम**



तापमान 21 – 32
आर्द्रता 51%
सूर्योदय: 06:04 सूर्यास्त: 17:37

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



तेजल और प्रेमा चमके, भारत ए ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता पृष्ठ 8

सुविचार : संवेदना और स्नेह के बिना सारा ज्ञान बेकार है।

# भारत में बड़े हमले की साजिश नाकाम, तमिलनाडु-बंगाल से 8 आतंकी अरेस्ट

## बांग्लादेशी हैंडलर का लश्कर मॉड्यूल ध्वस्त



### हाफिज सईद के सीधे संपर्क में था बांग्लादेश में बैठा हैंडलर

**नई दिल्ली :** पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों को दहलाने की साजिश रच रहा है। भारतीय एजेंसियां इसको लेकर हाई अलर्ट पर है। इस बीच रविवार को दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लश्कर-ए-तैयबा के एक ऐसे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिसे बांग्लादेश में बैठा एक पुराना आतंकी हैंडलर संचालित कर रहा था। इस मॉड्यूल के तार दिल्ली से लेकर कोलकाता और तमिलनाडु तक फैले हुए थे। स्पेशल सेल की पूछताछ में पता चला है कि जिन 8 आतंकियों की गिरफ्तारी हुई है, उस मॉड्यूल का हैंडलर शब्बीर शाह पाकिस्तान में बैठे हाफिज सईद और 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड जकीउर रहमान लखवी के संपर्क में था। एडिशनल सीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुमार कुशवाहा ने इस पूरे ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे एक पोस्टर से शुरू हुई जांच ने देशव्यापी आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, साजिश का खुलासा 7 फरवरी 2026 को हुआ, जब दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन और आसपास के कुछ अन्य स्टेशनों के पिलरों पर देश विरोधी और आतंकी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले पोस्टर चिपके पाए गए। सीआईएसएफ की नजर इन पोस्टरों पर पड़ी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट और स्पेशल सेल को अलर्ट किया गया। जांच शुरू हुई तो पता चला कि यह किसी शरारती तत्व का काम नहीं, बल्कि एक सुनियोजित आतंकी मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा था।

**कोलकाता में गिरफ्तारी और मुख्य हैंडलर का खुलासा**

स्पेशल सेल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर कोलकाता में छापेमारी की। वहां स्थानीय पुलिस की मदद से दो संदिग्धों उमर फारूक और एक बांग्लादेशी नागरिक रोबिल उल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन दोनों को निर्देश बांग्लादेश में बैठा शब्बीर अहमद लोन दे रहा था।

शब्बीर अहमद लोन का इतिहास बेहद खौफनाक है। वह कश्मीर के गांदरबल का निवासी है और 2007 में दिल्ली में एके-47 और ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार हुआ था। वह उस वक्त एक वरिष्ठ राजनेता की हत्या के लिए फिदायीन हमले के मिशन पर था। 2019 में जेल से छूटने के बाद वह वापस बांग्लादेश भाग गया और लश्कर के नेतृत्व के साथ मिलकर फिर से अपना संगठन खड़ा करने लगा। शब्बीर के इशारे पर न केवल दिल्ली बल्कि 10 फरवरी को कोलकाता के मेट्रो स्टेशनों पर भी पोस्टर लगाए गए थे। उसने कोलकाता में एक घर भी किराए पर लिया था, जिसे वह अपनी गतिविधियों का केंद्र बनाना चाहता था। जांच के दौरान पता चला कि इस मॉड्यूल के कुछ सदस्य तमिलनाडु में छिपे हुए हैं। दिल्ली पुलिस की टीम तुरंत तमिलनाडु पहुंची और वहां की पुलिस के सहयोग से 6 और लोगों को गिरफ्तार किया। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार किए गए ये सभी 6 लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं।

**फिदायीन हमले की थी तैयारी**

पुलिस के अनुसार, शब्बीर अहमद लोन ने इन लड़कों का इस्तेमाल 'ड्राई रन' के लिए किया था। पोस्टरों के जरिए वह माहौल खराब करना चाहता था और अपनी मौजूदगी दर्ज कराना चाहता था। इसके बाद उसका अगला कदम इन बांग्लादेशी नागरिकों को कोलकाता और दिल्ली में बड़ी आतंकी वारदातों के लिए इस्तेमाल करना था। स्पेशल सेल की समय रहते कार्रवाई से एक बड़े 'अनहोनी' टल गई है। फिलहाल गिरफ्तार किए गए सभी 8 आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है ताकि लश्कर के इस अंतरराष्ट्रीय स्लीपर सेल नेटवर्क की पूरी जानकारी मिल सके।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संदेह में मुर्शिदाबाद में दो गिरफ्तार

**बंगाल एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, कई मोबाइल फोन और कई सिम कार्ड बरामद**



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुर्शिदाबाद जिले से दो लोगों को कथित रूप से पाकिस्तान से जुड़े नेटवर्क को भारतीय सिम कार्ड के ओटीपी भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से कई मोबाइल फोन और कई सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक, गत 10 फरवरी को पुख्ता सूचना के आधार पर मुर्शिदाबाद जिले के गुढ़िया गांव से जुहाब शेख को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान, शुरुआती जांच में पता चला कि वह अपने सहयोगी सुमन शेख के साथ मिलकर व्हाट्सऐप के जरिए ओटीपी साझा करता था, जिसके बदले में उन्हें रकम मिलती थी। ये ओटीपी बाद में अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाते थे। इस मामले में एसटीएफ मुख्यालय थाने में भारतीय दंड संहिता (बीएनएस), इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1885, और इमिग्रेशन एवं फॉरेनर्स एक्ट 2025 के तहत केस दर्ज किया गया है। जुहाब शेख को पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिया गया। 22 फरवरी को इसी मामले में उसके सहयोगी सुमन शेख को भी मुर्शिदाबाद के गुढ़िया दर्गाटाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसे बिधाननगर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार, सुमन शेख मूल रूप से बहारामपुर का निवासी है और एक लेथ फैक्ट्री में काम करता है। पुलिस का कहना है कि दोनों युवक सिम कार्ड बेचने का काम भी करते थे और कथित तौर पर भारतीय सिम कार्ड के ओटीपी पाकिस्तान में सक्रिय व्हाट्सऐप यूज़र्स तक भेजते थे।

## कांग्रेस ने एआई समिट को अपनी 'गंदी और नंगी' राजनीति का अखाड़ा बना दिया: मोदी



**मेरठ (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में किए गए प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि इस पार्टी ने एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और 'नंगी' राजनीति का अखाड़ा बना दिया। कांग्रेस द्वारा हाल ही में दिल्ली में आयोजित 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट' में किए गए प्रदर्शन के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने तीखा प्रहार करते हुए कहा, ''पूरा देश गर्व से भर गया लेकिन कांग्रेस और इसके तंत्र ने क्या किया? कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और 'नंगी' राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछना चाहता हूं कि देश तो जानता ही है कि आप पहले से नंगे हो, तो कपड़े उतारने की जरूरत क्या थी?'' मेरठ में नमो भारत रेल और मेरठ मेट्रो रेल विस्तार परियोजना समेत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि कांग्रेस की यह हरकत इस बात को जाहिर करती है कि वह वैचारिक रूप से कितनी 'दिवालिया' और 'दरिद्र' हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के इस कृत्य की 'आलोचना' करने के लिए कांग्रेस के सहयोगी दलों के प्रति आभार प्रकट किया। मोदी ने कहा कि जहां एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं देश में कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए, दुनिया के करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए। मोदी ने कांग्रेस पर प्रहार जारी रखते हुए कहा, ''कांग्रेस के नेताओं ने वहां जो कुछ किया, वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से कितनी दिवालिया हो गई है, कितनी दरिद्र हो गई है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है।

## उच्चतम न्यायालय मेटा-व्हाट्सऐप से जुड़े गोपनीयता नीति मामले की आज सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय मेटा और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिनमें गोपनीयता नीति को लेकर उन पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाए जाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ द्वारा इस मामले की सुनवाई किए जाने की संभावना है। पीठ ने तीन फरवरी को याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 'मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक' और व्हाट्सऐप को लेकर कड़ी टिप्पणियां करते हुए कहा था कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां ''डाटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं।'' न्यायालय गोपनीयता नीति को लेकर सीसीआई के उस आदेश के खिलाफ मेटा और व्हाट्सऐप की अपील पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उन पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

## भारतीय उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से मुलाकात की

### द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई



**ढाका :** ढाका में नियुक्त उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश की नयी सरकार के साथ संवाद को आगे बढ़ाने के लिए भारत उत्सुक है। उन्होंने नयी दिल्ली की ओर से ढाका के साथ फिर से सक्रिय रूप से बातचीत की इच्छा व्यक्त की। तारिक रहमान के 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ दिनों बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान से मुलाकात के बाद उच्चायुक्त वर्मा पत्रकारों से बात कर रहे थे। वर्मा ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, ''विदेश मंत्री के साथ आज की बैठक में मैंने अपना रुख दोहराया कि हम बांग्लादेश में नयी सरकार के साथ संवाद के लिए उत्सुक हैं। बैठक में विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद भी शामिल थीं। उच्चायुक्त के अनुसार, उन्होंने बताया कि ''हम परस्पर हित और पारस्परिक लाभ के आधार पर सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी सोच के साथ मिलकर काम करते हुए हर क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं।'' वर्मा ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार भेंट और प्रारंभिक विचार-विमर्श बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में नयी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद विदेश मंत्री और राज्य मंत्री के साथ यह उनकी पहली बैठक थी।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में 590 करोड़ का घोटाला, चार कर्मचारी निलंबित

### हरियाणा सरकार के अकाउंट में हेराफेरी

**नई दिल्ली :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है। यह घोटाला बैंक की चंडीगढ़ ब्रांच में हुआ है और इसमें हरियाणा सरकार के खाते शामिल हैं। बैंक ने बताया है कि इस मामले में चार संदिग्ध कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है और जांच चल रही है। बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा है कि वह इस धोखाधड़ी में शामिल कर्मचारियों और बाहरी लोगों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक, दीवानी और आपराधिक कार्रवाई करेगा। बैंक के मुताबिक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ ब्रांच के कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों से 590 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। यह धोखाधड़ी तब सामने आई जब हरियाणा सरकार ने बैंक से अपना खाता बंद करने और पैसे किसी दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस प्रक्रिया के दौरान, बैंक को खातों में बताई गई राशि और असल जमा राशि के बीच कुछ गड़बड़ी दिखी। दरअसल, 18 फरवरी 2026 से हरियाणा सरकार के कुछ विभागों ने बैंक से अपने खातों के बारे में संपर्क करना शुरू किया था। इसी दौरान, बैंक के खातों में जमा राशि और सरकार द्वारा बताई गई राशि के बीच अंतर पाया गया।

## अंतरिम व्यापार करार पर भारत, अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की बैठक की तारीख नए सिरे से तय होगी

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए वाशिंगटन में अपने मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को नए सिरे से तय करने का फैसला किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय दल 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं। एक सूत्र ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार करार के लिए भारतीय वार्ताकारों की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में दोनों पक्षों का मानना है कि अब यह बैठक तब होनी चाहिए जबकि दोनों पक्ष ताजा घटनाक्रमों और उसके प्रभाव का आकलन कर लें। इसके लिए दोनों पक्षों को समय चाहिए। अब इस बैठक की तारीख दोनों पक्षों की सुविधा के हिसाब से नए सिरे से तय की जाएगी।''

## जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

### जैंश के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं क्योंकि वे जिस मिट्टी के मकान में छिपे हुए थे उसमें गोलीबारी के कारण आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के प्रारंभिक आकलन में पता चला है कि मृतकों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक कुख्यात कमांडर सैफुल्ला भी है। खबरों के मुताबिक, सैफुल्ला ने लगभग पांच साल पहले जम्मू कश्मीर में घुसपैठ किया था और तब से इस क्षेत्र में सक्रिय था। उस पर सुरक्षा बलों पर कई घातक हमलों की साजिश रचने का आरोप है। इनमें जुलाई 2024 का हमला भी शामिल है, जिसमें एक कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए थे। सैफुल्ला पहले भी कई मुठभेड़ों के दौरान बच निकला था। अधिकारियों ने बताया कि तीसरे आतंकवादी का शव और एक हथियार शाम को आतंकवादी के जले हुए ठिकाने से बरामद किया गया। इसके पहले सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने व्हाइट नाइट कोर के जवानों द्वारा तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए की गई 'तेज और सटीक' कार्रवाई की सराहना की। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सेना के कमांडर ने दुर्गम क्षेत्र में दृढ़ साहस दिखाने के लिए जमीनी स्तर पर तैनात कमांडरों और सैनिकों की सराहना की है। उत्तरी कमान आतंकवाद मुक्त जम्मू कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

## राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार लुटियंस की प्रतिमा की जगह सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा लगेगी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि राष्ट्रपति भवन में स्थापित ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा लगायी जाएगी। अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से, स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश प्रशासकों की मूर्तियां बनी रहीं, जबकि देश के महान सपूतों की मूर्तियों को वहां स्थान देकर सम्मानित नहीं किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारत की संस्कृति से जुड़ी चीजों को महत्व देने लगा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की एक प्रतिमा भी स्थापित थी। अब इस प्रतिमा के स्थान पर राजाजी (सी. राजगोपालाचारी) की प्रतिमा लगाई जाएगी।

## 'वैश्विक शक्ति' भारत इस क्षेत्र में और इसके आसपास के गठबंधनों का हिस्सा होगा : नेतन्याहू




**यरूशलम :** भारत को एक ''वैश्विक शक्ति'' और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना मित्र बताते हुए, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को पश्चिम एशिया और इसके आसपास के क्षेत्रों में एक ''षट्भुज'' गठबंधन की अपनी परिकल्पना के बारे में बात की, जिसमें भारत भी शामिल होगा। नेतन्याहू ने साप्ताहिक कैबिनेट बैठक की शुरुआत में कहा, ''हाल के वर्षों में इजराइल और 'वैश्विक शक्ति' भारत के बीच, तथा मेरे और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बने विशेष संबंधों को इस सप्ताह अभिव्यक्त किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''हम व्यक्तिगत मित्र हैं; हम अक्सर फोन पर बात करते हैं और एक-दूसरे से मिलते हैं। मैं भारत जा चुका हूं और मोदी भी यहां आ चुके हैं।'' वर्ष 2017 में दोनों नेताओं की समुद्र किनारे चहलकदमी करते हुए वायरल हुई तस्वीरों का जिक्र करते हुए इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमने एक साथ सैर की थी, और तब से भूमध्यसागर, गंगा और जॉर्डन में काफी पानी बह चुका है।'' मोदी 25 से 26 फरवरी तक दो दिवसीय इजराइल यात्रा पर रहेंगे। जुलाई 2017 की यात्रा के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी इजराइल यात्रा है। जुलाई 2017 में मोदी की यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की इजराइल की पहली यात्रा थी।

## मैं अपनी आगामी इजराइल यात्रा के लिए उत्सुक हूं: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वह इजराइल की अपनी आगामी यात्रा के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने यह बात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उस टिप्पणी के जवाब में कही, जिसमें नेतन्याहू ने बताया था कि मोदी बुधवार को इजराइल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''धन्यवाद, मेरे मित्र, प्रधानमंत्री नेतन्याहू। भारत और इजराइल के बीच के बंधन और हमारे द्विपक्षीय संबंधों की विविधता पर मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। भारत इजराइल के साथ अटूट मित्रता को बहुत महत्व देता है, जो विश्वास, नवाचार और शांति एवं प्रगति के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है।''



## फर्जी दावे से राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को आंच

दिल्ली में आयोजित, भारत की महत्वाकांक्षी वैश्विक एआई समिट की शुरुआत में एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी द्वारा विदेशी रोबोट को अपनी खोज बताकर किए दावे ने देश को असहज किया। ग्लोबल साउथ के देशों का नेतृत्व कर रहे भारत की तरक्की को लेकर अकसर मीन-मेख निकालने वाले पश्चिमी मीडिया को ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के कृत्य ने नुक्ताचीनी का एक और मौका जरूर दे दिया। जिसको लेकर पश्चिमी मीडिया में खासी चर्चा हुई। यहां एक निष्कर्ष यह भी निकला कि तकनीकी शिक्षा में निजी क्षेत्रों को मौका मिलने का किस हद तक दुरुपयोग भी किया जा सकता है। यह भी कि मौलिक गुणवत्ता से समझौता करके हम देश का कैसा भविष्य तैयार कर रहे हैं। यह घटनाक्रम देश में तेजी से बढ़ती उस नकारात्मक प्रवृत्ति का हश्र भी बताता है, जिसमें आनन-फानन में शॉर्टकट से सफलता की तलाश रहती है। विडंबना यह है कि इस घटना ने वैश्विक एआई सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में कई सवाल पैदा किये। सवाल उठाया कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब कृषि से लेकर चिकित्सा तक और उत्पादन के क्षेत्र में एआई व रोबोटिक्स की दखल बढ़ रही है, प्रचुर श्रमशक्ति की उपलब्धता के बावजूद भारत को समय के साथ कदमताल करनी होगी। हमें एआई व रोबोटिक्स को अपनाना ही होगा। लेकिन सावधानी के साथ ताकि यह नौकरी खाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बने। इसके साथ ही हमें एआई जगत में अपनी विश्वसनीयता भी कायम करनी होगी। ताकि फिर किसी गलगोटिया यूनिवर्सिटी की खुरापात से देश की फजीहत न हो। बल्कि हमारा शोध व विकास का तंत्र इतना मजबूत हो कि फिर हमारे किसी संस्थान को विदेशी उत्पाद को अपना नवाचारी उत्पाद बताने की जरूरत न पड़े। अन्यथा न केवल एआई समिट बल्कि देश की गरिमा को भी आंच आ सकती है। देश में शोध-अनुसंधान से जुड़े संस्थानों व विश्वविद्यालयों को सोचना होगा कि आज के कृत्रिम मेधा व इंटरनेट के जमाने में किसी खोज के बारे में फर्जी दावा कर पाना संभव नहीं है। बल्कि ऐसे कृत्य से उस संस्थान व देश की प्रतिष्ठा को आंच ही आती है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम मेधा आने वाले वर्षों में किसी भी देश की ताकत-संपन्नता का आधार बनेगी। लेकिन इस राह में कामयाबी हासिल करने के लिये देश में शोध-अनुसंधान की बुनियाद मजबूत करने की जरूरत है। अन्यथा देश को छद्म दावों से असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इससे देश की प्रतिष्ठा को आंच भी आ सकती है। निस्संदेह, आज भारत को देश में रोबोटिक्स को लेकर मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना होगा। इसके लिये देश के पास तकनीकी क्षमता और प्रतिभा उपलब्ध है, लेकिन जरूरत इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने की है। जिसके लिये सरकारी संबल और इंजीनियरिंग की तमाम शाखाओं में बेहतर तालमेल जरूरी है। निश्चित रूप से साठ के दशक में रोबोटिक्स की शुरुआत करने वाले अमेरिका से मुकाबला करने में हमें कुछ वक्त लगेगा। भले ही भारतीय उद्योग जगत रोबोटिक्स के शुरुआती दौर में हो, लेकिन आज देश के हर आईआईटी संस्थान में रोबोटिक्स लैब हैं। हम अपनी तेज प्रगति पर गर्व कर सकते हैं।

# पारदर्शिता से जवाबदेही की ओर: भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एआई की भूमिका

**संजीव चोपड़ा**

पिछले एक दशक के दौरान, भारत ने अभूतपूर्व पैमाने पर अपनी खाद्य सुरक्षा संरचना का डिजिटलीकरण किया है। खरीद एवं भंडारण से लेकर परिवहन, वितरण और सब्सिडी के निपटारे तक, मूल्य श्रृंखला का हर चरण अब डिजिटल प्रणालियों द्वारा संचालित है। यह व्यवस्था निरंतर संचालन से जुड़े आंकड़े सृजित करने के साथ-साथ ही हर महीने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रही है।

शासन संबंधी अगली चुनौती इस पारदर्शिता को प्रशासनिक जवाबदेही में बदलना है। सिर्फ दृश्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस प्रणाली को पैटर्न की व्याख्या करने, जोखिमों को प्राथमिकता देने और समय पर प्रतिक्रिया देने में भी समर्थ होना चाहिए। इस बदलाव को देखते हुए, केन्द्र सरकार पूरी प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है।

खरीद प्रक्रिया के दौरान, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कुटाई के बाद आपूर्ति किए गए चावल की गुणवत्ता का आकलन टूटे हुए दानों के प्रतिशत, अशुद्धियों और रंग में बदलाव जैसे निर्धारित मापदंडों के आधार पर दृश्य आधारित मूल्यांकन पर निर्भर करता है। बड़े पैमाने पर, मानवीय व्यक्तिपरकता के कारण नतीजे भिन्न हो सकते हैं। इसलिए, एआई से लैस स्वचालित अनाज विश्लेषक (एजीए) का उपयोग तस्वीर-आधारित विश्लेषण के जरिए इन मापदंडों का आकलन करने हेतु किया जा रहा है। माप को मानकीकृत और व्यक्तिपरकता को कम करके, ये प्रणालियां मौजूदा खरीद मानदंडों के भीतर काम करते हुए गुणवत्ता के सत्यापन में निरंतरता को बेहतर बना रही हैं।

एफसीआई और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संचालित भंडारण केन्द्रों में, निगरानी को मजबूत करने हेतु आईओटी-आधारित निगरानी प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है। सेंसर तापमान, आर्द्रता, फॉस्फीन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को मापते हैं, जबकि एआई से लैस कंप्यूटर विजन टूल स्वचालित तरीके से बोरियों की गिनती और स्टॉक के सत्यापन में सहायता करते हैं। ये प्रणालियां माल-सूची (इन्वेंट्री) और पर्यावरणीय स्थितियों से संबंधित निरंतर आंकड़े सृजित करती हैं। डीएफपीडी के वेयरहाउस ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, डिपो दर्पण के साथ एकीकृत, इस आंकड़े का विश्लेषण प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स का उपयोग करके खराब होने के जोखिम, स्टॉक संबंधी विसंगतियों या अनुपालन की कमियों से जुड़े पैटर्न की पहचान करने हेतु किया जा सकता है ताकि शीघ्र और अपेक्षाकृत अधिक जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण से जुड़ी कार्रवाई संभव हो सके।

खाद्यान्नों की आवाजाही के दौरान, मार्ग अनुकूलन उपकरणों ('अन्न चक्र') का उपयोग करके जहां परिवहन की योजना बनाई जाती है, वहीं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) ट्रक की आवाजाही से जुड़े वास्तविक समय में जीपीएस आधारित आंकड़े सृजित करते हैं। राज्यों ने मार्ग अनुकूलन के जरिए लगभग 238 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत की है। मार्ग संबंधी योजना भले ही व्यवस्थित है, लेकिन राज्यों में हजारों यात्राओं की निगरानी करना परिचालन संबंधी चुनौतियां पेश करता है। आवागमन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने और बार-बार होने वाले मार्ग विचलन, असामान्य देरी या असामान्य ठहराव को चिह्नित करने के उद्देश्य से एआई-आधारित पैटर्न का पता लगाने और विसंगति की पहचान करने की योजना बनाई जा रही है। ये विश्लेषण निगरानी को मजबूत कर रहे हैं और परिवहन संचालन के अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रित सत्यापन को संभव बना रहे हैं।

वितरण वाले चरण में, राज्यों द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रिकॉर्ड को स्मार्ट-पीडीएस प्लेटफॉर्म के तहत समेकित किया जाता है।

ससे राशन कार्डों का एक एकीकृत राष्ट्रीय भंडार तैयार होता है। यही नहीं, इससे राज्य द्वारा परिभाषित मानदंडों के तहत संभावित रूप से अपात्र कार्डों की पहचान करने हेतु अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ सत्यता की पुष्टि (क्रॉस-वेरिफिकेशन) भी संभव हो पाती है। अब तक, इस तरह के सत्यापन के जरिए 8.51 करोड़ राशन कार्डों को चिह्नित किया गया है।

नमें से 2.18 करोड़ कार्डों को राज्य सरकारों द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद हटा दिया गया है। हालांकि नामों, पतों, आधार सीडिंग और परिवार की संरचना में विसंगतियां बड़े पैमाने पर नियम-आधारित जांच की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती हैं। संभावित नकल, संबंधित पहचानों या परिवारों के असामान्य पुनर्गठन की पहचान करने हेतु मशीन लर्निंग पर आधारित आंकड़ों के मिलान की तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाले जोखिम संबंधी संकेत राज्यों द्वारा लक्षित सत्यापन में सहायता करेंगे, जिससे मौजूदा पात्रता संबंधी मानदंडों के भीतर सटीकता बेहतर होगी।

लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है।

अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई-आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है। इससे बार-बार की पूछताछ कम होती है और दावों के निपटारे की प्रक्रिया में दक्षता और निरंतरता बेहतर होती है।

भारत की खाद्य सब्सिडी संरचना ने डिजिटलीकरण के जरिए पहले ही बर्बादी को कम कर दिया है। अगला बदलाव जवाबदेही में निहित है। खरीद, भंडारण, परिवहन, वितरण और दावों के निपटान की प्रक्रिया में एआई को शामिल करके, यह प्रणाली जोखिमों का शीघ्र पता लगाने, त्रुटियों को तेजी से सुधारने और लाभार्थियों को उनका हक समय पर दिलाने में अधिक समर्थ हो जाती है। कुल 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले इस कार्यक्रम में, अधिक जवाबदेही कोई मामूली सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा ढांचे की संरचनात्मक मजबूती का प्रतीक है। -लेखक खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव हैं

# लोकलुभावन योजनाओं पर शीर्ष न्यायालय के सवाल



**प्रमोद भार्गव**

चुनावों के ठीक पहले राज्य सरकार द्वारा मुफ्त उपहारों और सब्सिडी की कड़ी में षीर्श न्यायालय ने सरकार से पुछा कि 'यह संस्कृति कब तक जारी रहेगी ? इससे देश के दीर्घकालिक आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। अतएव राज्यों को रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए न कि सुबह से षाम तक मुफ्त खाना, मुफ्त आनाज, मुफ्त साइकिल और मुफ्त बिजली-पानी देने चाहिए ?' दरअसल इसी साल तमिलनाडु समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए मतदाता को लालच देते हुए तमिलनाडु सरकार ने सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर दी है। इस घोषणा के विरुद्ध तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने उक्त टिप्पणी की है। यह स्थिति तमिलनाडु में ही नहीं बल्कि सभी राज्यों में बनी हुई है। लोक लुभावन उपायों को राजनीतिक दलों और नेताओं ने चुनाव जीतने का मंत्र मान लिया है। इसी मंत्र के वशीभूत स्त्री मतदाताओं को लुभाने के लिए लाड़ली बहना जैसी योजनाएं मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराष्ट्र में चुनाव जीतने का मंत्र बनी हैं। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि जिनके पास रोटी, कपड़ा और मकान के सभी साधन उपलब्ध हैं, मुफ्त योजनाओं का लाभ वे भी बटोरने में लगे हैं। गरीबी रेखा से ऊपर जीने वाले लोगों को लाभ देने से वंचित सरकारें इसलिए करना नहीं चाहती, क्योंकि ऐसे में मतदाता की नाराजी जीतने की गारंटी नहीं रह जाएगी। मतदाता को परजीवी बनाकर राज्य सरकारें लोगों को पराश्रित और खुद को खोखला करने में लगी हैं।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोशणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़ चढ़कर करते हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद कुछ वादों को छोड़कर ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने इन चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपाहरों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम् भूमिका रही है। इन मुफ्त के उपहारों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभाव वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निश्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। राजनेताओं की दानवीर कर्ण की यह भूमिका स्वतंत्र और निश्पक्ष चुनाव की जड़ों में मट्ठा घोलने का काम कर रही है। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। वैसे भी इन वादों की हकीकत जमीन पर उतरी होती तो देश में किसान आत्महत्या नहीं कर रहे होते ? पंजाब में किसान कल्याण के सबसे ज्यादा वादे अकाली दल ने सरकार ने किए थे, लेकिन पंजाब से लगातार किसान आत्महत्या की खबरें आ रही हैं। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने की राह पर चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीश महल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। 2025 के विधानसभा चुनाव में आर्थिक स्थिति की बद्हाली और भृष्टाचार अरविंद केजरीवाल की हार के प्रमुख कारण बने।

देश में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने निर्धन परिवारों को मुफ्त में एक बत्ती कनेक्शन देने के वादे के साथ यह षुरूआत आठवें दशक में की थी। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोशणा को भ्रश्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गयी थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोशणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रश्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। चुनाव का नियमन जनप्रतिनिधित्व कानून के जरिए होता है और उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत इसे गैरकानूनी या भ्रष्ट कदाचरण ठहराया जा सके। न्यायालय ने लाचारगी प्रकट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरुर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोशणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृश्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोशणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके।

इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोशणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। यहां तक कि अल्पसंख्यक मुस्लिम और सवर्ण ब्राह्मणों तक को आरक्षण देने का वादे किए जाते रहे हैं। तिस पर भी विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाषित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाएं तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की ? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं।

इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है। इसलिए वह मुफ्त की घोषणाओं पर टिप्पणी कर शांत रह जाती है। दरअसल ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श कर कानून बनाने का अधिकार विधायिका को ही है। यहां विडंबना है कि विधायिका और दल अंततः एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोशणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों, पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे ? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणा करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है। फिर चाहे वह छात्रवृत्ति हो, लैपटॉप हो, साइकिल हो अथवा टीवी ? मुफ्त बिजली हो, लाडली बहनों को नगद धनराशि देना या सस्ता राशन, इसमें कोई जातीय या धार्मिक भेद नहीं किया जाता। बीपीएल की सूची में आने वाले सभी जरूरतमंद इनके हकदार होते हैं। ऐसी स्थिति में मुफ्त उपहारों को विभाजित करना एक जटिल प्रक्रिया है। हां, जातीय तथा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है ? 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले गुलछर्रे उड़ा रहे लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं, जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। ऐसे में इन्हें एकाएक घूस या लालच नहीं कहा जा सकता ? अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को मजबूर हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी साबित होने के साथ, रोजगार देने का साधन बने?

-लेखक, पत्रकार

## विदेश की खबरें

### ट्रंप के रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित 'मार-ए-लागो' रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया। अमेरिकी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप आमतौर पर सप्ताहांत 'मार-ए-लागो' रिजॉर्ट में गुजारते हैं, लेकिन शनिवार रात को घटना के समय वह व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय) में थे। उन्होंने बताया कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी घटना के समय राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में थीं। अधिकारियों ने मारे गए व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। खुफिया विभाग के मुताबिक, मार-ए-लागो रिजॉर्ट के उत्तरी गेट पर तैनात कर्मियों ने एक व्यक्ति को शॉटगन और ईंधन के कैन के साथ घुसते देखा। विभाग ने बताया कि खुफिया सेवा के एजेंट और पाम बीच काउंटी के शेरिफ के डिप्टी ने व्यक्ति को मार गिराया।

### 'साम्राज्यवादी विरोधी राजनीति' पर शोध कर रहा कनाडाई नागरिक पाकिस्तान में लापता

**लाहौर :** साम्राज्यवादी विरोधी राजनीति पर शोध करने के लिए इस महीने पाकिस्तान आया एक कनाडाई नागरिक लाहौर शहर में लापता हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। लाहौर पुलिस ने कनाडाई नागरिक हमजा अहमद खान के मित्र यूसुफ राशिद की शिकायत पर ''अज्ञात संदिग्धों'' के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। राशिद ने पुलिस को बताया, ''खान 13 फरवरी को पाकिस्तान में अपने पीएचडी शोध (साम्राज्यवाद-विरोधी राजनीति) पर काम करने के लिए आया था और वह डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी में मेरे साथ रह रहा था।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 फरवरी, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष षष्ठी, 09:09 तक, नक्षत्र : भरणी, 16:32 तक, योग : ब्रह्मा, 10:10 तक, सूर्योदय: 06:04, सूर्यास्त: 17:37, चन्द्रोदय : 09:38, चन्द्रास्त: 23:29, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 07:32 से 08:58

## राशिफल

**मेष :** आज आप एक स्वभाविक 'प्रॉब्लम-सॉल्वर' की भूमिका में रहेंगे। आप अपनी टीम को संकट से निकालने या किसी जटिल डील को अंतिम रूप देने में सफल होंगे।

**वृष :** आपके पेशेवर जीवन के लिए आज का दिन एक 'पावरहाउस' की तरह है। करियर से जुड़ी नेटवर्किंग के लिए यह एक बेहतरीन समय है। आपका पूरा ध्यान 'कॉर्पोरेट लाभ' की ओर रहेगा।

**मिथुन :** आज आप एक विजनरी की तरह व्यवहार करेंगे। तकनीक और नई सोच से जुड़े प्रोजेक्ट्स में आपकी रुचि बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे भाग के लिए बचा कर रखें।

**कर्क :** आज आपकी असली ताकत सही रणनीति और गहरी रिसर्च करने में छिपी है। कार्यक्षेत्र में ईमानदारी बनाए रखें और ऑफिस पॉलिटिक्स से खुद को दूर रखें।

**सिंह :** आज आप एक मास्टर स्पीकर के रूप में उभरेंगे। लेनदेन और इंटरव्यू में आपका पलड़ा भारी रहेगा। कॉम्पिटीटर्स आपकी रणनीति से प्रभावित होंगे। दूसरों के सुझावों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**कन्या :** आज आपकी काम करने की क्षमता कमाल की रहेगी। आप चुनौतीपूर्ण माहौल में भी रास्ता निकाल लेंगे और कठिन समस्याओं को सुलझाने में आपका कोई मुकाबला नहीं होगा।

**तुला :** आज आप अपनी अनोखी रणनीति और क्रिएटिव आइडियाज से सहकर्मियों को प्रभावित करने में सफल रहेंगे। टीम का नेतृत्व करने के लिए अपनी स्वाभाविक डिप्लोमेसी का उपयोग करें।

**वृश्चिक :** आज आप अपनी गहरी अंतर्दृष्टि के बल पर कार्रवाई का नेतृत्व करेंगे। दैनिक कार्यों और प्रबंधकीय समन्वय को आप बखूबी निभा पाएंगे। आपकी स्थिरता ही आपकी सबसे बड़ी पहचान बनेगी।

**धनु :** आप आज एक 'कुशल संदेशवाहक' की भूमिका में होंगे। सेल्स, बहस और बातचीत में आज आपकी जीत होगी। आपके पास एक प्रतिस्पर्धी बढ़त होगी।

**मकर :** आप आज एक 'फाइनेंशियल आर्किटेक्ट' की तरह काम करेंगे। बजट बनाना, खर्चों का आवंटन और प्रोजेक्ट्स का आकलन करना आज आपकी मुख्य गतिविधियां होंगी।

**कुम्भ :** आपकी राशि में पांच ग्रहों की उपस्थिति आपको जबरदस्त ऊर्जा और सहनशक्ति देगी। आप रुके हुए प्रोजेक्ट्स को तेजी से आगे बढ़ाएंगे और भीड़ में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

**मीन :** आप एक 'शांत रणनीतिकार' के रूप में उभरेंगे। पर्दे के पीछे रहकर किया गया शोध या अंतरराष्ट्रीय तरकीबों के साथ काम आज सफल रहेगा। बैंक बैलेंस पर आपका ध्यान बना रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3360

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 19 | | | | ■ | |
| 20 | | 21 | | | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| | ■ | | ■ | 24 | 25 | | ■ | | ■ |
| 26 | | | | ■ | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 1) अपनी ही जगह पर, 4) सदस्य, 6) डँसना, 8) तुलना में अधिक, 10) कुछ कुछ लाल, 12) स्पर्शेन्दिय, 13) पर्वत, 15) आपसदारी; यातायात, 18) तिथिपत्र; *कैलेंडर,* 19) निश्चित रूप से, 20) जोड़ घटा गुना भाग, 22) एक लंबाई माप एकक, 24) अदब; शिष्टाचार, 26) भारत का एक घटक राज्य, 27) विनम्र और शिष्ट.

*ऊपर से नीचे:-* 2) एक हिंदु महीना, 3) शिकार के लिए ज़ोर से पुकारा, 4) परंपरागत, 5) राम का जनक, 7) हठ, 8) *हैंडबैग; पर्स,* 9) कृति, 11) एक त्यौहार, 14) अप्रिय, 16) अधर्मी, 17) पर्यंत; मध्य, 19) निरंतर, 20) अंत; नतीजा, 21) घना, 23) डाली, 25) एक राशि.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | अं | श | ■ | ने | स्त | ना | बू | द |
| चा | ■ | ब | क | ब | क | ■ | ला | ■ | ■ |
| न | का | र | ■ | धा | ■ | ■ | य | श | स्वी |
| क | ला | ■ | भा | र | वा | ह | क | ■ | का |
| ■ | अ | म | न | ■ | रा | म | ■ | प | र |
| ■ | क्ष | ■ | म | र | ण | ■ | से | ब | ■ |
| श | र | ब | ती | ■ | शी | ल | वा | न | ■ |
| रा | ■ | या | ■ | क्ष | ■ | च | ■ | सु | स्त |
| बी | न | ना | ■ | ति | त | र | बि | त | र |

## सुडोकू-पहेली-3318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 2 | | |
| | | 8 | 2 | 3 | | | 1 | |
| | | 5 | | 1 | 3 | | | 9 |
| | | | | | | | 3 | |
| | | 9 | | | 4 | | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| 1 | | 6 | | | | 4 | | |
| | 4 | | | 9 | | 6 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3317 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 |

# बंगाल की जनता ने तृणमूल को सत्ता से बाहर करने का बना लिया है मन : रेखा गुप्ता

## दिल्ली की सीएम ने ममता सरकार पर बोला हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राज्य की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी पर घुसपैठियों की पहचान रोकने के इरादे से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद को बाधित करने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करने का रविवार को आरोप लगाया। रेखा ने दावा किया कि राज्य की जनता ने तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है। इस दिन, भाजपा की महिला शाखा की ओर से कोलकाता के साइंस सिटी सभागार में आयोजित 'नारी संकल्प यात्रा' की प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि तृणमूल सरकार की 'हस्तक्षेप न करने' और तुष्टीकरण की नीतियों के कारण हाल के वर्षों में हजारों घुसपैठियों को राज्य में प्रवेश करने का मौका मिला है। उन्होंने दावा किया कि इससे वास्तविक नागरिकों के पानी, बिजली, राशन, शिक्षा, आजीविका और मताधिकार जैसे बुनियादी अधिकार प्रभावित हुए हैं। गुप्ता ने कहा कि वह (ममता) इसे जारी रखना चाहती हैं, इसीलिए घुसपैठियों की पहचान और उन्हें निर्वासित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही एसआईआर कवायद को रोकने की कोशिश कर रही हैं। कल्पना कीजिए कि एक मुख्यमंत्री निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही कवायद को चुनौती देने के लिए शीर्ष अदालत का रुख करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन के तहत तुष्टीकरण की राजनीति 'खतरनाक स्तर' पर पहुंच गई है। गुप्ता ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आरजी कर हत्या मामले का जिक्र करते हुए गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे अपराधों के खिलाफ सख्त प्रतिक्रिया देने में विफल रही है। उन्होंने दुर्गापुर में एक महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और कोलकाता के एक कॉलेज परिसर में कानून की छात्रा से हुई दुष्कर्म की घटना का भी जिक्र किया और दावा किया कि अपराधियों को महिलाओं के खिलाफ क्रूरता करने का हौसला मिला है। राज्य सरकार की कल्याणकारी पहलों की आलोचना करते हुए गुप्ता ने कहा कि कन्याश्री जैसी योजनाएं 'झूठे दावों' पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आश्वासनों के बजाय सुरक्षा की जरूरत है। गुप्ता ने राज्य सरकार पर केंद्रीय योजनाओं को बाधित करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना और जलजीवन मिशन जैसे कार्यक्रमों को राज्य सरकार द्वारा लागू न किए जाने के कारण 'लाखों करोड़ रुपये' की धनराशि गरीबों तक नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि आपकी दिलचस्पी सिर्फ परियोजनाओं का नाम बदलने और श्रेय लेने में है। गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में शिक्षा क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण कई सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं और सरकार नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध कर रही है।



---

❑ **मां काली की शरण में पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को कालीघाट पहुंचीं। उन्होंने यहां मां काली की पूजा-अर्चना की। गुलाबी रंग की साड़ी और गले में केसरिया रंग का उत्तरीय पहनकर वह मां काली के दरबार में पहुंचीं थीं। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर परिसर में पुजारियों ने पूजा करवायी। मां काली की पूजा करने के बाद लौटते समय जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछे, तो वह मुस्कुराते हुए सवालों को टालकर निकल गयीं। बाद में, वह साइंस सिटी में भाजपा महिला मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# बंगाल पड़ोसी देशों के लिए शरणस्थली बन गया है : अन्नपूर्णा देवी

❑ **चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री ने महिला सुरक्षा पर मुख्यमंत्री ममता को घेरा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो व राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा है कि ममता बनर्जी विक्षिप्त हो चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर पारदर्शिता के साथ चल रहा है, लेकिन जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने विरोध जताया है, यह दिखाता है कि उनका फर्जी वोट का खेल अब समाप्त हो रहा है, इसीलिए वे कोलकाता से दिल्ली पहुंच जाती हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार ने बंगाल के लोगों के हित का कभी ध्यान नहीं दिया। इसके बजाय घुसपैठियों के लिए काम किया। जनता अब कमर कस चुकी है। आगामी विधानसभा चुनाव में बराबर जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। एसआईआर का मुद्दा उठाने की बजाय यदि ममता बनर्जी महिला सुरक्षा को लेकर काम करतीं तो शायद तस्वीर कुछ अलग होती। ममता बनर्जी ने हमेशा घुसपैठियों के हित के लिए काम किया। राज्य के लोगों का हित बिल्कुल नहीं दिखाई देता है। घुसपैठ का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बंगाल पड़ोसी देशों के लिए शरणस्थली बन गया है। यहां फर्जी तरीके से वोटर लिस्ट में जुड़ जाना आसान हो गया है। इसके बाद, वे खुद को भारत का नागरिक बताते हैं। बंगाल में जो आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, उनमें घुसपैठियों को सरकार का संरक्षण मिल रहा है।



# माकपा सत्ता में आती है तो लक्ष्मी भंडार का पैसा बढ़ाया जाएगा : मोहम्मद सलीम

## एक मार्च से शुरू करेगी चुनाव प्रचार, महिलाओं को रिझाने में जुटी पार्टी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा कुछ ही दिनों में हो सकती है। सभी पार्टी चुनावी मोड में आ चुके हैं। माकपा भी चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर चुकी है। इस कड़ी में, सीपीएम के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा है कि माकपा बंगाल चुनाव को लेकर 1 मार्च से चुनाव प्रचार शुरू करेगी। सीपीएम के घोषणापत्र के बारे में उन्होंने कहा कि इस बार जिला और राज्य स्तर पर घोषणापत्र का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने लक्ष्मी भंडार में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। माकपा अगर सत्ता में आयेगी तो यह रकम और बढ़ायेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यह कैसे संभव होगा। महिला हिस्सेदारी पर उन्होंने कहा कि इस बार, सीपीएम की ओर से पिछली बार की तुलना में अधिक महिला उम्मीदवार होंगी। माकपा नेता मो. सलीम रविवार को अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संघ की पश्चिम बंगाल राज्य समिति के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लड़कियों को शिक्षा के लिए अभी भी संघर्ष करना है। स्कूल छोड़ने वाली छात्राओं की संख्या बढ़ रही है। लड़कियों की तस्करी बढ़ रही है। स्कूल छोड़ने वाली छात्राओं की संख्या कम करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में लड़कियों के लिए परिवहन निः शुल्क किया जा सकता है। माकपा नेता ने मुख्यमंत्री की विभिन्न परियोजनाओं की आलोचना करते हुए कहा कि केरल ने कुटुंबश्री योजना 25 साल पहले शुरू की थी। उन्होंने ममता सरकार के सभी 'श्री' नामों को व्यंग्यपूर्वक निरर्थक बताया। उन्होंने कहा कि हमारे जुलूस में आइए, लेकिन हम आपको भत्ता देंगे। हम उनमें हकदारी की भावना पैदा करना चाहते हैं।



### राज्य के कई जिलों में बुधवार को बारिश का अनुमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में बुधवार को हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान सभी दक्षिणी जिलों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, बुधवार को दक्षिण बंगाल के कोलकाता, हावड़ा, हुगली, दक्षिण और उत्तर 24 परगना, पूर्व एवं पश्चिम मेदिनीपुर तथा झाड़ग्राम जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को उप-हिमालयी जिलों (दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार) में भी हल्की बारिश हो सकती है।

# चुनाव से पहले घर वापसी, पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी दिपेंदु बिस्वास फिर तृणमूल कांग्रेस में हुए शामिल

❑ **कांग्रेस, माकपा और भाजपा के भी कई नेता और कार्यकर्ता हुए तृणमूल कांग्रेस में शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले, पूर्व भारतीय फुटबॉलर से नेता बने पूर्व विधायक दीपेंदु बिस्वास रविवार को तृणमूल कांग्रेस में फिर से शामिल हो गए और कहा कि भाजपा के साथ उनका संक्षिप्त जुड़ाव 'भावनात्मक कारणों' से प्रेरित था। बता दें कि बिस्वास ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले टिकट नहीं मिलने के बाद तृणमूल कांग्रेस छोड़ दी थी और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। इस दिन, बसीरहाट दक्षिण से तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक और जानेमाने फुटबॉलर बिस्वास ने पार्टी के स्थानीय नेतृत्व की मौजूदगी में पार्टी के बसीरहाट जिला कार्यालय में औपचारिक रूप से तृणमूल कांग्रेस में वापसी की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैंने कभी वास्तव में भाजपा के लिए काम नहीं किया। मैंने भावनाओं को ठेस पहुंचने के कारण भाजपा में शामिल हुआ था, लेकिन वह जुड़ाव बहुत कम समय का रहा। क्या मुझे कभी किसी भाजपा कार्यक्रम में देखा गया है? जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें इस बार टिकट दिया जाएगा, तो बिस्वास ने कहा कि इस समय मैं पार्टी के लिए काम करूंगा। टिकट को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी सौंपेगा, मैं उसे स्वीकार करूंगा। इस दिन, बिस्वास के साथ-साथ कांग्रेस, मार्क्सवाद कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जिनमें बसीरहाट के एक ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस पदाधिकारी भी शामिल हैं।



## मिनाखां में पार्टी का झंडा लगाने को लेकर तृणमूल-आईएसएफ में झड़प, कई घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के मिनाखां में रविवार को पार्टी के झंडे लगाने को लेकर तृणमूल कांग्रेस और आईएसएफ के बीच झड़प के आरोप लगे हैं। दोनों पक्षों ने दावा किया है कि उनके कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में आईएसएफ कार्यकर्ता मिनाखां के बाबूरहाट बाजार में पार्टी के झंडे लगा रहे थे। आरोप है कि उसी समय कुछ लोग आए और उन पर हमला कर दिया। उन्हें सड़क पर फेंककर पीटा गया। शिकायतकर्ताओं का यह भी दावा है कि वे तृणमूल के समर्थक हैं। घायलों को मिनाखां ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे चित्तरंजन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। बाद में, घायल कार्यकर्ता को मिनाखां थाने की पुलिस की मौजूदगी में कोलकाता शिफ्ट कर दिया गया। इस घटना को लेकर इलाके में काफी तनाव है। हालांकि, मिनाखां विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल चेयरमैन मृत्युंजय मंडल का दावा है कि यह आरोप बेबुनियाद है। हालांकि, आईएसएफ नेता पियारुल इस्लाम ने कहा कि तृणमूल से जुड़े बदमाशों ने पार्टी का झंडा फहराने के दौरान हमला किया। हमले में पार्टी के सात कार्यकर्ता घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है।



# मणिशंकर अय्यर ने जताया कांग्रेस से निकाले जाने का डर, चुनाव से पहले ममता पर जताया भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं। कई बार उनके बयान पार्टी लाइन से बाहर भी चले जाते हैं। अब उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें कांग्रेस से बाहर निकालने की तैयारी हो रही है। कोलकाता में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि जहां तक मेरा सवाल है, मैं तो खुद को समझता हूं कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन केसी वेणुगोपाल ने ऐसा कुछ कहा है जिससे लगता है कि या तो उन्होंने तय कर लिया है कि मुझे कांग्रेस से निकालेंगे या तय करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि मुझे कांग्रेस से निकाल दिया है, लेकिन आज तक मुझे औपचारिक रूप में किसी प्रकार का पत्र नहीं मिला है। कांग्रेस से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि जहां तक मुझे पता है, सारी कांग्रेस तो ममता बनर्जी के पास है। राज्य में कांग्रेसियों के ममता के समर्थन में होने पर उन्होंने कहा कि तकरीबन सभी हैं और कुछ अधीर रंजन चौधरी जैसे छूट गए हैं। उन्हें छोड़कर तो पूरी पार्टी उस तरफ चली गई है। टीएमसी में मैं खुद ममता का पहला राष्ट्रीय सचिव था। मैं यहां पार्टी में शामिल हुआ दिसंबर 1997 के अंत में, लेकिन तीन हफ्ते में मुझे पता चला कि यह पार्टी बंगालियों की है और मैं बंगाली नहीं हूं, तो ऐसे में मैं क्या करूंगा? इसलिए मैंने टीएमसी छोड़ दी, लेकिन तीन हफ्ते तक मैं ममता का राइट हैंड था। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि मैं कांग्रेस के बारे में आपको क्या बताऊं। मैं तो उम्मीद रखता हूं कि ममता दोबारा इन भाजपा वालों को ऐसा मुंहतोड़ जवाब देंगी कि उनका कोई चेहरा नहीं रहेगा। इंडिया ब्लॉक गठबंधन के भविष्य को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि ममता के बिना इंडिया अलायंस खत्म हो जाएगा, क्योंकि ममता ही इस गठबंधन की नेता हैं। साथ-साथ और दो-चार लोग हैं जो इस पद को हासिल कर सकते हैं। मैं उम्मीद रखता हूं कि राहुल गांधी इसी पद पर रहने की कोशिश करने के बजाय किसी छोटी पार्टी के नेता, चाहे स्टालिन हों, ममता हों, अखिलेश, तेजस्वी या किसी और को संभालने दें।

## न्यूटाउन में तेज संगीत का विरोध करने पर बुजुर्ग पर हमला, चार महिला समेत सात गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन स्थित एक अपार्टमेंट में देर रात चल रही पार्टी के दौरान संगीत की आवाज कम करने के लिए कहने पर एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में चार महिलाओं समेत सात लोगों को रविवार को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारी ने पड़ोसियों की शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि समूह कथित तौर पर आधी रात से लेकर रविवार की सुबह तक अपार्टमेंट के भूतल में पार्टी कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि जब सौकत अली नामक बुजुर्ग व्यक्ति ने सुबह करीब 3 बजे संगीत की आवाज कम करने का अनुरोध करने के लिए समूह से संपर्क किया, तो कथित तौर पर छह युवकों ने उनपर हमला कर दिया और समूह ने विरोध कर रहे अन्य पड़ोसियों पर भी हमला किया। अली के सिर पर गहरे जख्म आए थे और उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

# एसआईआर : हाई कोर्ट ने तत्काल मामलों के प्रबंधन के लिए समिति का किया गठन

❑ **बीमारी छोड़ कोई छुट्टी नहीं, हाई कोर्ट ने रद्द की जजों की छुट्टी**
❑ **प्रत्येक विधानसभा के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त**
❑ **आज केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर उच्च स्तरीय बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने एक समिति गठित की है, जो राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद से संबंधित कार्यों में न्यायिक अधिकारियों की व्यस्तता के कारण जरूरी मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करने की अंतरिम व्यवस्था की निगरानी करेगी। उच्च न्यायालय प्रशासन द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि मुख्य न्यायाधीश ने शनिवार को न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती, न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी, रजिस्ट्रार जनरल नबनीता रे, रजिस्ट्रार (न्यायिक सेवा) राजू मुखर्जी और मुख्य न्यायाधीश के संयुक्त रजिस्ट्रार-सह-सचिव अजय कुमार दास की एक समिति का गठन किया है, ताकि अंतरिम राहत या अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों को वैकल्पिक अदालतों में स्थानांतरित करने की अंतरिम व्यवस्था पर गौर किया जा सके। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के आदेश के सुचारू अनुपालन के लिए प्रत्येक जिले में जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और एसपी को मिलाकर एक समिति का गठन भी किया है। मुख्य न्यायाधीश ने राज्य की विभिन्न अदालतों में तैनात सभी न्यायिक अधिकारियों की छुट्टियां नौ मार्च तक रद्द करने का आदेश दिया है, ताकि राज्य में एसआईआर को पूरा करने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। हाई कोर्ट ने एक नोटिफिकेशन में कहा है कि बीमारी के अलावा कोई भी जज छुट्टी नहीं ले सकेंगे। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 250 जजों की लिस्ट जारी की है। चुनाव आयोग ने हर विधानसभा से एक ज्यूडिशियल ऑफिसर मांगा है। फिलहाल, हाई कोर्ट रजिस्ट्रार ने 250 ज्यूडिशियल ऑफिसरों की लिस्ट कमीशन को भेज दी है। इस लिस्ट में एनडीपीएस और पोक्सो कोर्ट के 100 जजों के अलावा दूसरे मामलों के 150 जजों के नाम हैं। दूसरी ओर, चुनाव के दौरान केंद्रीय बल की तैनाती पर सोमवार को एक बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी, विशेष पर्यवेक्षक एनके मिश्रा, पुलिस के डीजी और सेंट्रल फोर्स के नोडल ऑफिसर शामिल होंगे।



## चलती गाड़ी में युवती से मारपीट व बदसलूकी के आरोप में युवक गिरफ्तार, मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण कोलकाता के बेहाला इलाके में चलती कार के अंदर एक युवती के साथ मारपीट और बदसलूकी के मामले में पुलिस ने 18 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(2), 115(2), 351(2) और 79 के तहत केस दर्ज किया गया है। पता चला है कि ये घटना शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता की उम्र 20 साल है। वो अपने दोस्त अर्नब साव के साथ डायमंड हार्बर रोड से गुजर रही थी। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि झगड़े के बाद अर्नब ने उसे उसकी मर्जी के खिलाफ कार के अंदर बंद कर लिया। इसके बाद, उसने लात-घूंसों से मारपीट की, गाली-गलौज की और धमकी दी। युवती का कहना है कि आखिर में बेहाला चौरास्ता क्रॉसिंग पर उसे कार से बाहर धकेल दिया गया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक पुलिस हरकत में आई। डी. एच. रोड और बनमाली नस्कर रोड के क्रॉसिंग पर गाड़ी को रोका गया। कार सवार लोगों को पकड़कर बेहाला पुलिस के हवाले कर दिया गया। उनकी कार भी जब्त कर ली गई। पीड़िता के पिता ने औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अर्नब साव शेरपुर का निवासी है। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सशर्त जमानत दे दी गई। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## तृणमूल विधायक ने काफिले पर हमले का लगाया आरोप, पुलिस जांच जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक ने रविवार को आरोप लगाया कि बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर देसी बम फेंके और गोलीबारी की। विधायक सौकत मुल्ला ने दावा किया कि यह हमला शनिवार की शाम को भांगड़ में उस समय हुआ, जब वह एक पार्टी सहयोगी पर कथित तौर पर इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) समर्थकों द्वारा किए गए हमले के संबंध में पोलेरहाट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद घर लौट रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि किसी के घायल होने की खबर नहीं है, हालांकि मुल्ला के काफिले में शामिल एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और इलाके से दो देसी बम और बम बनाने की सामग्री बरामद की। मुल्ला ने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे आईएसएफ के समर्थक थे। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को भांगड़ निर्वाचन क्षेत्र के दक्षिण गाजीपुर गांव में एक सभा के दौरान तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया था, जिसमें कई लोग घायल हो गए और एक स्थानीय पार्टी पदाधिकारी की हालत गंभीर है। विधायक ने आरोप लगाया कि हिंसा को आईएसएफ विधायक नवसाद सिद्दीकी ने भड़काया था। हालांकि, सिद्दीकी ने आरोप से इनकार किया है।

### व्यक्ति के पटरी पर कूदने से कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** टॉलीगंज स्टेशन पर रविवार को एक यात्री ट्रेन के आगे कूद गया, जिस कारण कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवाएं लगभग 30 मिनट तक बाधित रहीं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शाम 4:20 बजे हुई, जब 25 से 30 वर्ष की आयु का एक पुरुष यात्री ट्रेन के स्टेशन में प्रवेश करते ही पटरी पर कूद गया। पुलिस ने बताया कि ट्रेन सेवाएं तुरंत रोक दी गईं, जिससे कॉरिडोर पर यातायात अवरूद्ध हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे दक्षिणेश्वर-शहीद खुदीराम मार्ग पर सामान्य परिचालन शाम करीब 4:50 बजे बहाल हुआ। यात्री को बचा लिया गया और इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है।

## देश की प्रतिष्ठा की कीमत पर राजनीतिक लड़ाई नहीं होनी चाहिए : बाबुल सुप्रियो

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री बाबुल सुप्रियो ने नयी दिल्ली में हाल ही में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं द्वारा 'कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन' की रविवार को आलोचना की और कहा कि राजनीतिक लड़ाई कभी भी देश के सम्मान की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के नेता ने यह भी कहा कि लोकतंत्र विरोध करने का अधिकार देता है, लेकिन साथ ही जिम्मेदारी की भी मांग करता है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि एआई शिखर सम्मेलन में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों द्वारा कमीज उतारकर विरोध प्रदर्शन किया जाना नासमझी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय नेताओं और व्यापार जगत की वैश्विक हस्तियों की उपस्थिति वाले मंच पर ऐसा व्यवहार हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बारे में गलत संदेश देता है। सुप्रियो ने कहा कि दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते समय, पक्षपातपूर्ण नाटकबाजी के बजाय परिपक्वता और संयम का मार्ग अपनाना चाहिए।





# शांतिनिकेतन में होटल से बड़ी संख्या में बम बरामद, सात गिरफ्तार



**बीरभूम :** जिले के शांतिनिकेतन में रविवार की सुबह बोलपुर के प्रांतिक इलाके में स्थित एक होटल से बड़ी संख्या में ताजा बम बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, होटल के भीतर ही बम बनाए जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बॉम्ब स्क्वॉड) और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और बमों को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रविवार के तड़के गुप्त सूचना मिली कि प्रांतिक इलाके के एक होटल में कम से कम 50 ताज़ा बम मौजूद हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उसी होटल में बैठकर बम तैयार किए जा रहे थे। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल में छापेमारी की, जहां से बमों के साथ विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बॉम्ब स्क्वॉड द्वारा बमों को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने का काम जारी है। इस मामले में फिलहाल सात लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि पुलिस को संदेह है कि इसमें और भी लोग शामिल हो सकते हैं।

पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फेसबुक पर 2.5 लाख रुपये में बोलेरो कार बेचने का विज्ञापन, युवक से धोखाधड़ी

❑ **पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार**



**कोलकाता, समाज्ञा :** सोशल मीडिया में 2.5 लाख रुपये में बोलेरो कार का विज्ञापन देखकर एक युवक मुर्शिदाबाद से दत्तापुकुर के नीलगंज आया। लेकिन, उसे कार तो नहीं मिली और पैसे भी गंवा दिए। हालांकि, पुलिस इस घटना में शामिल 6 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही, 2.15 लाख रुपये बरामद कर लिया गया है। बताया गया है कि मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज निवासी नेताजुल शेख ने हाल ही में फेसबुक पर बोलेरो कार का विज्ञापन देखा। गाड़ी की कीमत 2.5 लाख रुपये थी। बोलेरो इतनी सस्ती देखकर युवक ने पोस्ट में दिए गए नंबर से संपर्क किया। फिर, उसे दत्तापुकुर थाना अंतर्गत नीलगंज बाजार आने को कहा गया। जब वह नीलगंज बाजार पहुंचा, तो जालसाज उसे लेनदेन के लिए एक स्थानीय घर में ले गए। वहां जालसाजों ने बोलेरो कार डिलीवर करने का वादा करके उससे 2.5 लाख रुपये ले लिए। उसके बाद, उसे नीलगंज में कार का इंतज़ार करने को कहा गया। लेकिन, काफी देर बाद भी उसे कोई नहीं दिखा। एक समय पर, नेताजुल को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है, तो उसने दत्तापुकुर थाने का दरवाज़ा खटखटाया। शिकायत मिलने के बाद, पुलिस ने पहले चार आरोपियों, शाहदत मंडल, नेमतुल्लाह खान, सुजीत बिस्वास और बिद्युत बिस्वास को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी दत्तापुकुर थाना इलाके में रहते हैं। उनसे पूछताछ के बाद, दो और लोगों, अशोकनगर निवासी शेख सलमान और दत्तापुकुर निवासी मसादुर रहमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों से करीब 2.15 लाख रुपये बरामद किया गया। इस बारे में, बारासात एसडीपीए विद्यागर अजिंका अनंता ने कहा कि बाकी पैसे बरामद करने की कोशिशें चल रही हैं। यह जांच की जा रही है कि गिरफ्तार लोग दूसरे जिलों में ऑनलाइन गाड़ी बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के मामलों में शामिल तो नहीं हैं।

## सड़क हादसे में घायल पुलिस कांस्टेबल की मौत

**सिलीगुड़ी :** ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में घायल पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई है। मृत कांस्टेबल का नाम अमित उरांव था। घटना शनिवार की देर शाम दार्जिलिंग मोड़ इलाके में हुई थी, जब एक आर्मी ट्रक ने ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अमित उरांव को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कांस्टेबल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने तुरंत उन्हें माटीगाड़ा स्थित एक गैर-सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही महकमा पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद दुर्घटना में शामिल आर्मी वाहन को जब्त कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हादसा लापरवाही के कारण हुआ या किसी अन्य वजह से हुई है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से समाज के विशिष्ट जनों की शिष्टाचार भेंट

### मुख्यमंत्री ने जताई प्रसन्नता कहा अवसर मिला तो दोबारा आना चाहूँगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजनीतिक कार्यक्रम के सिलसिले में कोलकाता पहुंचीं रेखा गुप्ता से महानगर के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह बैठक आईटीसी सोनार बांग्ला होटल में आयोजित हुई, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री देवश्री चौधरी भी उपस्थित रहीं।

मुलाकात के दौरान लोहा व्यवसायी राजेश कुमार बिहानी, उद्योगपति सतीश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज संघाई तथा अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के प्रतिनिधि के रूप में नंद किशोर लखोटिया ने मुख्यमंत्री से सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। वहीं, श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी एवं मंत्री गोविंद रांधड़ ने समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। पदाधिकारियों ने 26 फरवरी को कलामंदिर सभागार में आयोजित होने वाले विराट कवि सम्मेलन के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इसके अतिरिक्त, मानिकतल्ला चलताबागान दुर्गा पूजा समिति के सचिव अशोक जायसवाल ने मुख्यमंत्री को दुर्गा पूजा के अवसर पर कोलकाता आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका एक दिवसीय कोलकाता प्रवास यादगार रहा और अवसर मिलने पर वे दोबारा यहां आना चाहेंगी।

## चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने सायबर फ्रॉड अवेयरनेस सेमिनार का किया सफल आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) की ओर से साइबर फ्रॉड अवेयरनेस विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन चैंबर हॉल, कोलकाता में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता पुलिस, लालबाज़ार के साइबर सेफ्टी एवं साइबर सिक्योरिटी सेक्शन के सहयोग से किया गया।

सेमिनार में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं, डिजिटल फ्रॉड, फिशिंग, डेटा चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग तथा ऑनलाइन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। कोलकाता पुलिस के साइबर सेक्शन के विशेषज्ञ अधिकारी एसआई रंजन चक्रवर्ती और लेडी कांस्टेबल माधुर्या भट्टाचार्य ने उपस्थित उद्योगपतियों, व्यापारियों एवं सदस्यों को साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए और सतर्कता बरतने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि प्रतिदिन साइबर अपराध से संबंधित समाचार सामने आ रहे हैं। ऐसे में इन अपराधों से बचने के लिए इनके 'मोडस ऑपरेंडी' की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर इन अपराधों के चंगुल से बचा जा सकता है और इसी उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन, मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा, संयुक्त सचिव बिजय सिंह जैन, सेमिनार एंड वर्कशॉप कमेटी के चेयरमैन संतोष कुमार खेरिया, कार्यकारिणी सदस्य विनोद नांगलिया, बालकृष्ण धेलिया, विकास लाखोटिया, बजरंग लाल खेड़िया, धर्मेंद्र सेठ, आशीष झुनझुनवाला, ललित सिंघी, रमाकांत देवड़ा, शुशील नेथवेवाला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। सेमिनार चेयरमैन संतोष कुमार खेरिया ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। वहीं, कोट्टी के मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक व्यापारी और नागरिक की प्राथमिक आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय की मांग हैं और आगे भी इस तरह की पहल जारी रखी जाएगी। कार्यक्रम का समापन मंत्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ तथा सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की।

## रायदीघी में 'प्रतिदिन तृणमूल में शामिल हों' अभियान




**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले रायदीघी में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। 'प्रतिदिन तृणमूल में शामिल हों' अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला जारी है। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में व्यापक चर्चा है।

रायदीघी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अलोक जलदाता के नेतृत्व में प्रतिदिन लगभग 50 से 60 लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं का कहना है कि यह मेगा सदस्यता अभियान चुनाव तक लगातार जारी रहेगा।

स्थानीय पार्टी सूत्रों के अनुसार, पंचायत चुनाव के बाद से ही क्षेत्र में तृणमूल की पकड़ मजबूत हुई है। सहकारी समिति चुनाव सहित कई स्थानीय चुनावों में पार्टी को सफलता मिली है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है।

तृणमूल नेतृत्व का दावा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी इस क्षेत्र से बेहतर प्रदर्शन करेगी और पिछली बार के परिणामों से भी आगे निकलने का लक्ष्य रखा गया है।

हालांकि, भाजपा की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। क्षेत्र में जारी इस राजनीतिक सक्रियता ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है।

## भारतीय रेल की डिजिटल क्रांति - रेल वन ऐप बना वन-स्टॉप समाधान

❑ **1 मार्च से यूटीएस-ऑन-मोबाइल ऐप बंद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल डिजिटल सेवाओं को एकीकृत और अधिक सरल बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में रेलवे ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया है कि 1 मार्च 2026 से यूटीएस-ऑन-मोबाइल ऐप को बंद (डीकमिशन) कर दिया जाएगा। इसके स्थान पर यात्रियों को सभी सेवाओं के लिए अब रेल वन ऐप का उपयोग करना होगा, जिसे एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है।

रेल वन ऐप यात्रियों की सभी प्रमुख जरूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करेगा। अनारक्षित यूटीएस टिकट बुकिंग, आरक्षित टिकट, आवास आरक्षण, ट्रेन में भोजन ऑर्डर करने की सुविधा तथा 'रेल मदद' के माध्यम से शिकायत और सहायता जैसी सेवाएं अब एक ही उपयोगकर्ता-अनुकूल मंच पर उपलब्ध होंगी। भारतीय रेल का कहना है कि अब तक इन सेवाओं के लिए अलग-अलग मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जाता था, जिससे यात्रियों को कई ऐप डाउनलोड करने पड़ते थे। रेल वन ऐप के जरिए इन सभी सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर समाहित कर यात्रा अनुभव को सरल और सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया गया है।

## मेदिनीपुर में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, स्थानीय लोगों ने किया पथावरोध

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के मेदिनीपुर शहर के समीप तातिगेड़ीया संलग्न विश्वविद्यालय रोड पर रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अनूपकुमार महापात्र (46) के रूप में हुई है, जो गुड़गुड़िपाल थाना क्षेत्र के भाइकाचक इलाके के निवासी थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने ट्रक को रोककर तोड़फोड़ करते हुए टायर जलाकर पथावरोध कर दिया। बाद में, पुलिस के पहुंचने और आश्वासन देने पर स्थिति नियंत्रित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, शाम को ट्रक गोलापीचक से मेदिनीपुर शहर के रांगामाटी स्थित एफसीआई गोदाम की ओर जा रहा था। वहीं, अनूपकुमार महापात्र अपने बाइक से मेदिनीपुर शहर से घर लौट रहे थे। तातिगेड़ीया के पास विश्वविद्यालय रोड पर अचानक ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक सवार अनूपकुमार महापात्र सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। शाम करीब 5 बजे से लगभग एक घंटे तक स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इलाके में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग उठाई। बाद में, गुड़गुड़िपाल थाना पुलिस के हस्तक्षेप और आवश्यक कार्रवाई के आश्वासन के बाद अवरोध समाप्त किया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है, जबकि ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## श्याम प्रेमी ग्रुप बांधाघाट ने निशान यात्रा में लगाया सेवा शिविर

**हावड़ा :** फाल्गुन माह के पावन अवसर पर जब श्याम भक्त निशान लेकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचते हैं, तब श्रद्धा और आस्था का विशेष माहौल बन जाता है। श्याम मंदिर घुसड़ी धाम में फाल्गुन शुरू होते ही दूर-दराज से श्रद्धालु निशान लेकर पहुंच रहे हैं। निशान यात्रा में शामिल भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए श्याम प्रेमी ग्रुप बांधाघाट, हावड़ा के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से भक्तों के लिए पेयजल, टॉफी, गुलाल, रंग, मशाल आदि की व्यवस्था की गई, ताकि यात्रा के दौरान उन्हें राहत और सुविधा मिल सके। इस सेवा शिविर को सफल बनाने में अनिल शर्मा, संतोष पांडे, दिनेश मिश्रा, नागेंद्र शर्मा, मनोज पोद्दार, सुशील सरावगी, सुमित उपाध्याय, गुंजन शर्मा, पीहू शर्मा, राज केश्वर शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। यह जानकारी संस्था के सचिव अनिल शर्मा ने दी।



**कोलकाता एयरपोर्ट पर उज्जैन-महाकाल की पावन नगरी के सांसद एवं अखिल भारतीय खटीक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल फिरोजिया और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देव का समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोला प्रसाद सोनकर ने किया भव्य स्वागत।**

## एलेन कोलकाता का जेईई-मेन जनवरी सत्र में दमदार प्रदर्शन

❑ **36 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए**




**कोलकाता, समाज्ञा :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई-मेन 2026 के जनवरी सत्र के परिणामों में एलेन कोलकाता के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एलेन कोलकाता सेंटर हेड देबाशीष सान्याल के अनुसार, क्लासरूम छात्र नीलांकन मंडल ने 99.9377228 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, जबकि तन्वी झुनझुनवाला ने 99.90 पर्सेंटाइल हासिल किए। तन्वी पिछले दो वर्षों से एलेन कोलकाता की क्लासरूम छात्रा रही हैं।

केंद्र के अनुसार, कुल 36 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 85 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल या उससे अधिक स्कोर किया।

एलेन कोलकाता इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि देशभर में कुल 12 विद्यार्थियों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, जिनमें से 8 छात्र एलेन से हैं। एलेन कोटा के क्लासरूम छात्र कबीर छिल्लर ने 300 में से 300 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा, क्लासरूम कोर्स के छात्र अर्नव गौतम, शुभम कुमार, भावेश पात्रा, अनय जैन, निमय पुरोहित और चिरंजीब कर ने भी 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। वहीं, एलेन ऑनलाइन रिकॉर्डेड एवं टेस्ट सीरीज कोर्स के छात्र श्रेयस मिश्रा ने भी 100 पर्सेंटाइल हासिल किया।

देशभर के 18 राज्य टॉपर्स भी एलेन करियर इंस्टीट्यूट से रहे, जिनमें राजस्थान, बिहार, गुजरात, हरियाणा, ओडिशा, दिल्ली-एनसीटी, मध्य प्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़, असम, पुदुचेरी, सिक्किम, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर और मिजोरम सहित विभिन्न राज्यों के छात्र शामिल हैं। परिणामों की प्रामाणिकता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी एलेन ने अपने परिणामों का सत्यापन देश की अग्रणी ऑडिट फर्म ईवाई इंडिया से कराया है।

## चोर होने के संदेह में बीच सड़क पर इंजीनियर की पिटाई, इलाज के दौरान तोड़ा दम



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले में एक इंजीनियर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। इंजीनियर रात्रि ड्यूटी के लिए खड़गपुर जा रहे थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने इंजीनियर को घेर लिया और फिर, उन्हें चोर समझकर बुरी तरह पीटा गया। उनके सिर पर चोटें आईं। बाद में, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दस दिनों तक चले संघर्ष के बाद इंजीनियर की मौत हो गई। यह घटना पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी ब्लॉक की खजरा ग्राम पंचायत के गिलगेरिया क्षेत्र में घटी। मृतक की पहचान सौम्यदीप चंद (33) के रूप में हुई है। वह पेशे से इंजीनियर थे। जानकारी के अनुसार, 8 फरवरी की रात को वह रात्रि ड्यूटी पर खड़गपुर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में खड़गपुर स्थानीय थाना अंतर्गत अनारकली क्षेत्र में एक चोर ने उन्हें रोककर बुरी तरह पीटा। सौम्यदीप ने अपनी पहचान बताने की कोशिश की, लेकिन उनके परिवार के सदस्य उन्हें सुन नहीं पाए। घायल सौम्यदीप को पहले खड़गपुर उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी हालत स्थिर न होने के कारण उन्हें तुरंत भुवनेश्वर के हाई-टेक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उन्होंने लगभग दस दिनों तक आईसीयू में मौत से जूझते हुए जीवन बिताया। अंततः रात 10:34 बजे सौम्यदीप का निधन हो गया।

## मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित 3300 एचपी का स्वदेशी लोकोमोटिव

❑ **'मेक इन इंडिया' की वैश्विक सफलता, वाराणसी बन रहा है रेलवे लोकोमोटिव निर्यात केंद्र**




**कोलकाता/बनारस :** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने एक बार फिर लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। बरेका द्वारा निर्मित स्वदेशी 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी को मोज़ाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि बरेका को मोज़ाम्बिक के लिए 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों का निर्यात आदेश प्राप्त हुआ था। इन लोकोमोटिवों की आपूर्ति एम/एस राइट्स के माध्यम से 10 लोकोमोटिवों के निर्माण एवं निर्यात के अनुबंध के अंतर्गत की गई है। पहले दो लोकोमोटिव जून 2025 में, तीसरा सितंबर में, चौथा अक्टूबर में तथा पांचवां लोकोमोटिव 12 दिसंबर को भेजा गया था। इसके पश्चात, छठा लोकोमोटिव 15 दिसंबर 2025, सातवां 8 जनवरी 2026, आठवां 23 जनवरी 2026, नौवां लोकोमोटिव 17 फरवरी 2026 को रवाना किया गया था। यह निर्यात वैश्विक मंच पर लोकोमोटिव निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है।

बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से संचालन में सक्षम हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चालक-अनुकूल सुविधाएँ जैसे रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर तथा आधुनिक केबिन डिजाइन उपलब्ध हैं, जो चालक सुविधा और परिचालन दक्षता को और अधिक बेहतर बनाते हैं। भारतीय रेल की उत्पादन इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) जो वाराणसी में स्थित है, अब लोकोमोटिव निर्माण के एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्वदेशी डिजाइन और उन्नत रेलवे प्रौद्योगिकी के निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के बल पर बरेका वैश्विक रेलवे बाजार में भारत की उपस्थिति को सशक्त बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक बरेका श्रीलंका, म्यांमार और मोज़ाम्बिक जैसे देशों को लोकोमोटिव निर्यात कर चुका है, जिससे उन देशों की रेलवे प्रणालियों के विकास में सहयोग मिला है।

'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विज़न के अनुरूप, ये निर्यात भारतीय रेल की उस क्षमता को प्रदर्शित करते हैं जिसके माध्यम से वह विश्व में प्रचलित विभिन्न गेज प्रणालियों के अनुरूप रोलिंग स्टॉक का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति कर सकती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल भागीदार देशों को उनके रेल अवसंरचना उन्नयन में सहयोग प्रदान कर रही है, साथ ही रेलवे रोलिंग स्टॉक एवं संबंधित सेवाओं के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत कर रही है। लोकोमोटिव निर्यात के क्षेत्र में बरेका की ये उपलब्धियां भारत की बढ़ती तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक रेलवे उपकरण बाजार में उसके निरंतर विस्तारित होते प्रभाव को प्रतिबिंबित करती हैं।

## रिसड़ा विधानचंद्र कॉलेज के छह कैडेट्स ने बढ़ाया जिले का मान

❑ **ऑल इंडिया वायु सैनिक कैंप के लिए चयनित**



**हुगली :** जिले के रिसड़ा विधानचंद्र कॉलेज (डे एवं इवनिंग सेशन) के छह एनसीसी कैडेट्स का चयन प्रतिष्ठित ऑल इंडिया वायु सैनिक कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप देशभर के चयनित एनसीसी एयर विंग कैडेट्स के लिए आयोजित किया जाता है, जहां उन्हें एयरक्राफ्ट मॉडलिंग, फ्लाइंग, ड्रिल, शारीरिक दक्षता एवं नेतृत्व कौशल से संबंधित उन्नत प्रशिक्षण दिया जाता है।

कॉलेज के प्राचार्य रमेश कर ने इसे न केवल रिसड़ा बल्कि पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए चयनित कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एयर विंग एनसीसी के लीडिंग फ्लाइट कैडेट कौशिक बर्मा, जो बी.कॉम (जनरल), तृतीय सेमेस्टर (डे विभाग) के छात्र हैं, ने राष्ट्रीय स्तर के शिविर में प्रधानमंत्री रैली श्रेणी के अंतर्गत सफलतापूर्वक सहभागिता की।

वहीं, कैडेट सार्जेंट सुमंता चंदा (बी.कॉम, इवनिंग विभाग) को उत्कृष्ट एनसीसी प्रदर्शन के लिए गवर्नर मेडल से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस द्वारा प्रदान किया गया। चयनित कैडेट्स में बिस्वजीत सिंह, सुमित कुमार सिंह, अमन प्रसाद गोंड, अभिषेक कुमार सिंह, देव सागर मिश्रा और कौशिक बर्मा शामिल हैं। कॉलेज परिवार ने सभी कैडेट्स को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

# भाजपा सत्ता में आई तो महिलाओं को 3,000 रुपये महीने देंगे : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने महिलाओं को लेकर बड़ा वादा किया है। रविवार को कोलकाता के साइंस सिटी में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन में उन्होंने ऐलान किया कि अगर मई में भाजपा की सरकार बनती है, तो जून से महिलाओं के खातों में हर महीने 3000 रुपये भेजे जाएंगे। उन्होंने मंच से कहा कि भाजपा ने तय किया है कि अगर अप्रैल के आखिर में हमारी सरकार बनी,




तो जून महीने से अकाउंट में 3000 रुपये दिए जाएंगे। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि यह योजना पार्टी के चुनावी संकल्प पत्र में शामिल होगी। उन्होंने दावा किया कि सरकार बनते ही सबसे पहले महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर काम किया जाएगा। इसके साथ ही शुभेंदु अधिकारी ने केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना का जिक्र करते हुए राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्ज्वला योजना के तहत राज्य की करीब 1.29 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला है, लेकिन राज्य सरकार ने उज्ज्वला-3 योजना को सही तरीके से लागू नहीं होने दिया। उनका कहना था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो 25 लाख और महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाएगा। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि भाजपा तय कर चुकी है कि अगर अप्रैल के अंत तक हमारी सरकार बनी, तो मई में 3000 रुपये देने की प्रक्रिया शुरू होगी और जून से पैसा सीधे खातों में जाएगा।

# राज्य में बनेगी भाजपा की सरकार : सुकांत मजूमदार

- ❑ **भाजपा का चुनाव प्रचार शुरू, सुकांत मजूमदार ने किया दीवाल लेखन**
- ❑ **आमता में सुकांत मजूमदार की अगुवाई में निकली बाइक रैली**

**हावड़ा, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने राज्य के अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में दीवाल लेखन शुरू कर दिया है। इस कड़ी में, केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने रविवार को खुद हावड़ा जिले के आमता विधानसभा क्षेत्र में दीवाल पर भाजपा के चुनाव चिह्न में रंग भरे। इस दौरान, उन्होंने हावड़ा ग्रामीण सांगठनिक जिले के आमता में एक बाईक रैली में भी भाग लिया। दीवाल लेखन के दौरान उन्होंने कहा



कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए जो भी काम करने की जरूरत होगी, वे करेंगे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि बंगाल की जनता भाजपा के पक्ष में वोट करें। भाजपा चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले दिनों में राज्य में भी भाजपा की सरकार बने। इसी उद्देश्य से सभी बूथों पर दीवाल लेखन का काम शुरू हो गया है।

## राज्य की 'सिलिकॉन वैली' में 41 कंपनियां दे रहीं 75 हजार लोगों को रोजगार : डेरेक ओ'ब्रायन

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने रविवार को कहा कि राजारहाट में 200 एकड़ का सिलिकॉन वैली हब अब 41 बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों का घर है, जो लगभग 75,000 पेशे-वरों को नौकरी देती हैं और 25,000 करोड़ रुपये का आईटी निर्यात करती हैं। ओ'ब्रायन ने इस हब को पूर्वी भारत में रोजगार और निर्यात वृद्धि का एक मुख्य प्रेरक बताया। ओ'ब्रायन ने कहा कि 41 टॉप आईटी कंपनियां, 75 हजार लोगों को नौकरी और 25,000 करोड़ रुपये का आईटी निर्यात, राजरहाट आईटी कॉरिडोर पिछले एक दशक में सूचना प्रौद्योगिकी और आईटी-संचालित सेवाओं के लिए एक बड़े केन्द्र के तौर पर उभरा है, जो घरेलू और बहुराष्ट्रीय दोनों तरह की कंपनियों को अपनी ओर खींच रहा है।

## पुलिस बनकर दो युवकों ने दिनदहाड़े बुजुर्ग से ठगे सोने के गहने

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगाच्छा थाना क्षेत्र के अंबिका कुंडू बाई लेन में पुलिस बनकर ठगी करने की एक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को पीड़ित भोलानाथ चट्टोपाध्याय(68) स्कूटी से अपने निजी कार्य से बाहर निकले थे। इसी दौरान दो युवकों ने उनका स्कूटी रोककर स्वयं को पुलिसकर्मी बताया। उन्होंने हेलमेट और वाहन के कागजात को लेकर पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में युवकों की नजर बुजुर्ग के गले में पहनी सोने की चेन और अंगूठी पर पड़ी। युवकों ने यह कहते हुए कि सुनसान क्षेत्र में सोने के गहने पहनना असुरक्षित है और छीना-झपटी की आशंका हो सकती है, उनसे गहने उतरवा लिए।

आरोप है कि युवकों ने गहनों को




एक सफेद कागज में लपेटकर पैकेट बना दिया और सावधानी से घर जाने की सलाह दी। घर पहुंचने के बाद जब पैकेट खोला गया, तो उसमें सोने के आभूषणों की जगह पत्थर पाए गए। शिकायत के अनुसार, करीब दो से तीन तोला सोना ठगा गया है। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

## एसआईआर के मुद्दे पर महुआ मोइत्रा ने फिर चुनाव आयोग पर बोला हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की नेता और लोकसभा से निलंबित सांसद महुआ मोइत्रा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर एक बार फिर चुनाव आयोग पर हमला बोला है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने कहा है कि राज्य को गैरकानूनी तरीके से और खुलकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब चुनाव आयोग के प्रशिक्षित अधिकारी कर रहे हैं और भाजपा के निर्देश पर कर रहे हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिये महुआ मोइत्रा ने ये आरोप लगाये हैं। महुआ ने लिखा कि चुनाव आयोग रिप्रजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स ऐक्ट 1950 (आरपी एक्ट) और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसा सिर्फ बंगाल के साथ हुआ है, जबकि अन्य राज्यों में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं देखी गयी।

### कुल्टी में विभिन्न दलों के 350 कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने थामा तृणमूल का दामन

# चुनाव में तृणमूल 250 से अधिक सीटें जीतकर चौथी बार बनाएगी सरकार : मलय घटक

**आसनसोल :** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में दलबदल का खेल तेज हो गया है। दो दिन पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में औद्योगिक शहर आसनसोल के कुल्टी में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। यात्रा के दौरान आयोजित सभा में तृणमूल के स्थानीय नेता बिरेश्वर आचार्य समेत विभिन्न दलों के 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। हालांकि, इसके ठीक दो दिन बाद तृणमूल कांग्रेस ने भी उसी इलाके में बड़ा कार्यक्रम कर जवाबी शक्ति प्रदर्शन किया। नियामतपुर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित इस



कार्यक्रम में राज्य के मंत्री मलय घटक के नेतृत्व में भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों को छोड़कर करीब 350 कार्यकर्ता-समर्थक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। इस मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक के पूर्व पार्षद देवेंदु राय (गेंडा दा) और भाजपा की पूर्व पार्षद शारदा साहू भी तृणमूल में शामिल हुईं। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री मलय घटक ने कहा कि यह कार्यक्रम 'योगदान मेले' में बदल गया है और भाजपा, कांग्रेस व वाम मोर्चा से बड़ी संख्या में लोग तृणमूल में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उनका कहना था कि 2014, 2016 और 2021 में भाजपा बंगाल में सफल नहीं हो पाई और 2026 में भी तृणमूल 250 से अधिक सीटें जीतकर चौथी बार सरकार बनाएगी। मंत्री ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के काम पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया और आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल के लोगों को 'बांग्लादेशी' और 'रोहिंग्या' कहकर अपमानित करती है, जिसका जवाब जनता चुनाव में देगी।

# सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) के होली स्नेह सम्मेलन में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) की ओर से शनिवार को शेक्सपियर सारणी स्थित कला कुंज में होली स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवि प्रताप फौजदार, गौरव चौहान, पार्थ नवीन एवं आदित्य जैन ने अपने प्रभावशाली, ओजपूर्ण और सरस हास्य-व्यंग्य काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा भगवान श्री गणेश जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। परिषद की महिला-वृंद ने गणेश वंदना एवं परिषद के परंपरा-गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत परंपरागत साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानपूर्वक किया



गया। कार्यक्रम के समापन पर ठंडाई एवं स्वरुचि भोज की व्यवस्था भी की गई। परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ब्रह्मानंद अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल एवं कुंज बिहारी अग्रवाल ने भी अपने वक्तव्यों में होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका सुनीता लोहिया एवं रश्मि सराफ ने संयुक्त रूप से किया। कवियों की अगुवानी सह सचिव एवं सह संयोजक केशव सोमानी ने की। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने परिषद की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद की महिला शाखा की रेखा चौधरी, विभा सीकरिया, उषा अग्रवाल, कनक सोमानी, सुमन सीकरिया तथा कार्यकारिणी सदस्य रतन सीकरिया, कमल प्रसाद चौधरी, रवि लोहिया, श्रीमोहन चौधरी और काशी प्रसाद धेलिया सक्रिय रहे। इस अवसर पर सुमिता अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, मुरारी लाल खेतान, भगवती प्रसाद जालान, धर्मचंद जैन, श्रीप्रकाश सोमानी, पवन मोदी, दामोदर प्रसाद बिदावतका, विनोद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## गोयनका मंदिर में फूलों की होली उत्सव की धूम, भक्त हुए भाव-विभोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोयनका मंदिर कोलकाता में श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को आयोजित होली उत्सव की धूम रही। इस रंगारंग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और दादी जी के साथ फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन प्रवाहक अभिजीत कोहार, कमल गोयनका एवं पवन गोयनका (सोनू) ने होली के मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर परिसर भक्ति संगीत और फूलों की सुगंध से सराबोर हो उठा। उत्सव के दौरान दादी जी का रंगों की पिचकारी और रंग-बिरंगे फूलों से विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही दादी जी को छप्पन भोग, फल एवं मेवा अर्पित किए गए। 'दादी की रसोई' में भक्तों के लिए सुस्वादु प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने श्रद्धा-पूर्वक ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में गो-विंद राम गोयनका, सज्जन गोयनका,




पवन बंसल, विनोद गोयनका, पवन गोयनका (लाडूर्स), विजय गोयनका (तेघड़िया), ईश्वर प्रसाद गोयनका, सुभाष चंद्र गोयनका, कमल गोयनका, प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, पवन गोयनका (पंचवटी), प्रदीप कुमार गोयनका, श्रवण गोयनका, राम रतन गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), शिव रतन गोयनका, विपुल गोयनका, पवन गोयनका (काकुड़गाछी), श्याम गोयनका, राजेश गोयनका, रमेश गोयनका, आदित्य विक्रम तुलस्यान, कुसुम गोयनका, आशा गोयनका, अंजू गोयनका, रेनू गोयनका (काकुड़गाछी), शीला गोयनका, कविता गोयनका, सीमा गोयनका, सुशीला गोयनका, रेनू गोयनका, शिखा गोयनका, सरोज गोयनका, मोना गोयनका, हेमा गोयनका, पूजा गोयनका सहित महानगर के सभी दादी भक्तों तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## कृष्णानगर में जुए के अड्डे पर छापा, तीन जुआरी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कृष्णानगर के कोतवली थाने की पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम सुभाष नगर निवासी मोहन मंडल, कालीन-ारायणपुर निवासी आकाश मंडल और कृष्णानगर के जोड़ा मस्जिद इलाके का रहने वाला प्रेम भुई माली हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शनिवार की रात कृष्णानगर के गोहट इलाके में जुए का अड्डा लगा था। पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर वहां छापा मारा। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया, लेकिन बाकी भागने में कामयाब हो गए। तलाशी के दौरान गिरफ्तार लोगों के पास से 2,250 रुपये समेत जुए का सामान बरामद हुआ। इसके बाद, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों को रविवार को कृष्णानगर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया है।

# चुंचुड़ा में वायरल वीडियो को लेकर विवाद, भाजपा नेता ने दर्ज कराई शिकायत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चुंचुड़ा में 'भाजपा सत्ता में आई तो बंगाल में मछली-मांस बंद हो जाएगा' जैसे दावे वाले एक वायरल वीडियो को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। इस मामले में भाजपा नेता सप्तर्षि बंद्योपाध्याय ने चुंचुड़ा थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उनके बयान को काट-छांट और तोड़-मरोड़ कर सोशल मीडिया पर गलत अर्थ में प्रचारित किया गया। भाजपा नेता ने रविवार की सुबह बताया कि उन्होंने बिहार में मछली-मांस की बिक्री से जुड़ी एक गाइडलाइन के संदर्भ में सोशल मीडिया पर वीडियो डाला था, लेकिन उस वीडियो को एडिट कर यह प्रचार किया गया कि भाजपा बंगाल



में मछली-मांस पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। उन्होंने पुलिस को उन सोशल मीडिया अकाउंट्स के स्क्रीनशॉट भी सौंपे हैं, जिनसे कथित रूप से यह वीडियो फैलाया गया। सप्तर्षि बंद्योपाध्याय ने स्पष्ट किया कि उनके बयान का आशय खुले स्थानों पर मछली-मांस की बिक्री से होने वाले संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर लोगों को जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि खुले में मछली-मांस बेचने से कई बार रोगाणु फैल सकते हैं और लोगों की तबीयत खराब हो सकती है। इसी संदर्भ में मैंने बात रखी थी, न कि किसी तरह के प्रतिबंध की। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके वीडियो की गलत व्याख्या कर जनता के बीच दुष्प्रचार किया। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस को अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती दिख रही है, इसलिए इस तरह की भ्रामक राजनीति की जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस विवाद ने इलाके में राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है।

## प्रेमी ने बनाया आपत्तिजनक वीडियो, वायरल होते ही युवती ने की आत्महत्या

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के पात्रसायर थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां प्रेमी द्वारा अंतरंग पलों का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने के बाद 23 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने युवती का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बिष्णुपुर जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, करीब तीन महीने पहले युवती की पहचान सोशल मीडिया के जरिए एक युवक से हुई थी। जिसने अपना नाम जीतू घोष बताया और खुद को सेना का जवान बताते हुए अपना घर इंदास थाना क्षेत्र में होने का दावा किया। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। आरोप है कि युवक ने शुक्रवार को युवती को मिलने के बहाने वर्दवान बुलाया, जहां वह ब्यूटी पार्लर का काम सीखने की बात कहकर घर से निकली थी। परिवार का आरोप है कि युवक उसे एक होटल में ले गया, शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और अंतरंग पलों का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। बाद में युवक कथित रूप से उसे ब्लैकमेल करने लगा और मांगें न मानने पर वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो देखने के बाद युवती गहरे सदमे में चली गई और मंगलवार रात अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार ने आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

# बंगाली बोलने पर हमला! मध्यप्रदेश में मालदा के प्रवासी श्रमिक पर चाकू से वार

**मालदा :** मध्यप्रदेश में काम करने गए पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के एक प्रवासी श्रमिक पर चाकू से हमले का मामला सामने आया है। घायल व्यक्ति की पहचान सैयद शेख (37) के रूप में हुई है। वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मध्यप्रदेश के एक अस्पताल में भर्ती हैं। परिवार का आरोप है कि बंगाली भाषा बोलने की वजह से उन पर हमला किया गया।

परिजनों के अनुसार, सैयद शेख मालदा जिले के कालियाचक थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के निवासी हैं। वह कुछ महीने पहले कपड़े के व्यवसाय के सिलसिले में मध्यप्रदेश गए थे। आरोप है कि



19 फरवरी को उन पर चाकू से हमला किया गया, जिससे उनके पेट और हाथ में गंभीर चोटें आईं।

परिवार के एक सदस्य ने बताया कि बंगाली होने के कारण सैयद को अक्सर वहां परेशान किया जाता था। उन्होंने इस बात की जानकारी परिवार को भी दी थी और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे। परिजनों का दावा है कि बंगाली भाषा में बात करने के कारण ही यह हमला हुआ। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

बताया जा रहा है कि अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने परिवार से संपर्क कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

पिछले कुछ महीनों में अन्य राज्यों में काम करने गए बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर हमलों की घटनाएं सामने आई हैं, जिन्हें लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हुई है। इस ताजा घटना के बाद परिजनों में चिंता और असुरक्षा का माहौल है।

# श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम की भव्य विराट निशान शोभायात्रा, 8 घंटे तक गूंजता रहा श्रद्धा का सागर

- ❑ **घासबागान से घुसुड़ीधाम तक लगी लंबी कतार, हजारों भक्तों ने चढ़ायें निशान**

**हावड़ा :** 'लहराते देखे हैं हमने श्याम निशान हजारों, हारे का साथी यही है प्रेम से इनको पुकारो, जो पैदल चलते हैं उनके संग चलते हैं रस्ता दिखलाते हैं....खाटू के बाबा श्याम।' इस बहुचर्चित भजन की पंक्तियां पूर्वी भारत में श्याम भक्तों के महातीर्थ के रूप में परिणित श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम की भव्य विराट और ऐतिहासिक निशान शोभायात्रा में प्रमाणित होते दिखीं। हजारों श्याम भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ति एवं बाबा श्याम के प्रति अपार श्रद्धा को दर्शाते हुए बाबा श्याम को निशान (ध्वजा) अर्पित किए। आज सूर्योदय के साथ ही 'आयो फागण मेलो, घुसुड़ीधाम चालो...., ओ हो पैदल आस्यां हो बाबा जी थारी घुसुड़ी नगरी...., डोरी खींच के राखीजे, यो



है श्याम को निशान.... जैसे अनगिनत भजनों के साथ हाथों में रंग-बिरंगी ध्वजाएं (निशान) लेकर अबीर-गुलाल से होली खेलते श्याम भक्तों का सैलाब उत्तर हावड़ा की सड़कों पर उमड़ पड़ा। श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के रंग-रंगीला फाल्गुन मेला-2026 के शुभारंभ पर रविवार को निकाली गई लगभग 5 किलोमीटर लम्बी यह पैदल निशान शोभायात्रा लगभग प्रातः 5.30 बजे गोलाबाड़ी घासबागान से प्रारंभ हुई जिसमें हजारों निशान यात्रियों के अलावा अन्य हजारों भक्त भी शामिल हुए। भारी संख्या में स्त्री-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे-बूढ़े इस शोभायात्रा में हाथों में रंग-बिरंगे निशान (ध्वजा) लेकर श्याम प्रभु के गुणगान के साथ विभिन्न मार्गो का परिभ्रमण करते हुए श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंचे और 'जय श्री श्याम जय घुसुड़ीधाम' के जयकारों के साथ बाबा श्याम को ध्वजाएं अर्पित की। भीड़ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब इस पैदल यात्रा का एक छोर घुसुड़ीधाम पहुंच चुका था तो दूसरा छोर घासबागान में था और तो और काफी द्रुत गति से चलने के बावजूद इस यात्रा को पूरा होने में 8 घंटे का समय लग गया।

इस बार हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित होकर इस पूरे आयोजन के निर्विघ्न और सफल आयोजन के लिए कमान संभाली। मंदिर के मुख्य द्वार पर आयोजित 'भजनों की उमंग निशान यात्रियों के संग' में लोकप्रिय भजन प्रवाहकों राज गुरू और दलजीत-गुरप्रीत-रानी कौर द्वारा श्याम गुणगान की रसधारा में गोते लगाते निशान यात्रियों ने बाबा श्याम को कतारवद्ध होकर ध्वजाएं अर्पित की। पूरे आयोजन का अत्यंत भावपूर्ण संचालन मंदिर के मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने किया।

मंदिर के प्रबंध न्यासी और मेला कमेटी के अध्यक्ष बिनोद टिबड़ेवाल ने इस निशान शोभायात्रा के निर्विघ्न समापन पर हावड़ा सिटी पुलिस और न्यू ऑयरन मार्केट एसोसियेशन सहित हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट, हरियाणा जागृति संघ (कोलकाता), पवन गर्ग, मानव सेवा समिति (हावड़ा), मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी, बम बासुकी ग्रुप, श्री श्याम प्रेमी (हावड़ा), मारवाड़ी युवा मंच (हावड़ा शाखा), श्री नारायणी मंगल पाठ समिति (बांधाघाट), माहेश्वरी मेडिकल फटाफट सेवा समिति आदि संस्थाओं द्वारा निशान यात्रियों की सेवार्थ आयोजित शिविरों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। मेला कमेटी के चेयरमैन नवल सुल्तानिया, सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त सचिव राधेश्याम टिबड़ेवाल, कोषाध्यक्ष किशन कासुका, कार्यक्रम समन्वयक कपिल अग्रवाल, संयोजक वरूण अग्रवाल सहित सांवरमल अग्रवाल, संजय केजरीवाल, नारायण टिबड़ेवाल, दीपक टिबड़ेवाल, पवन गर्ग, राकेश गर्ग, संजय टिबड़ेवाल, अविनाश अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह, राजेश अग्रवाल, मुकेश कानोड़िया, दिलीप केडिया, गोपाल अग्रवाल, अरबिन्द बागला, देवेन्द्र कासुका, श्याम परसरामपुरिया, राजेश सिंघानिया, पप्पू जमालपुरिया, राहुल अग्रवाल, अंकुर गोयल, मोहित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, अनिल धनानिया, मोहित पटवारी सहित सभी पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

## बेलूर में तेज रफ्तार बस ने साइकिल सवार को कुचला, मौके पर मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलूर थाना क्षेत्र के जीटी रोड इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान परशुराम यादव के रूप में हुई है, जो प्रतिदिन की तरह साइकिल से अपने काम पर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, एक निजी बस हावड़ा से बाली की ओर जा रही थी। इसी दौरान परशुराम यादव जीटी रोड पार कर रहे थे। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा गया कि वह साइकिल के साथ सावधानीपूर्वक सड़क पार कर रहे थे, तभी पीछे से आई बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस उन्हें कुचलते हुए कुछ दूरी तक घसीटती चली गई।




हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बेलूर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बस को जब्त कर लिया। बस चालक घटना के बाद फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। दुर्घटना के कारण जीटी रोड के डॉन बॉस्को क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## झारखंड : जमशेदपुर के उद्योगपति के बेटे के अपहरण मामले में पांच और आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर:** झारखंड के जमशेदपुर शहर में एक उद्योगपति के बेटे के अपहरण के सिलसिले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कैरव गांधी (24) का 13 जनवरी को अपहरण कर लिया गया था, और उन्हें दो सप्ताह बाद हजारीबाग जिले से मुक्त करा लिया गया था। इस अपहरण की घटना से राज्य में व्यापक रोष फैल गया था और विपक्ष ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सरकार के तहत कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए थे। इससे पहले, अपहरण के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडे ने बताया कि पंजाब के लुधियाना, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और बिहार के शेखपुरा से पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अमरिंदर सिंह उर्फ करतार सिंह और मनप्रीत सिंह को लुधियाना से, गुरदीप शेर सिंह को कोलकाता से, संतोष कुमार को गाजियाबाद से और राजकरण यादव को शेखपुरा से गिरफ्तार किया गया है।

## परीक्षा का तनाव कम करने की पहल: विद्यालयों में 'आभार व्यक्त' और 'जादुई पिटारा' जैसी पहल की शुरुआत

**जयपुर:** परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव और घबराहट को देखते हुए राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से समर्थ बनाने के लिए 'आभार व्यक्त' सत्र और 'जादुई पिटारा' जैसी कई पहल की शुरुआत की है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग का लक्ष्य है कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में सहयोगात्मक, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाए, ताकि विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में अच्छे हों बल्कि मानसिक रूप से भी संतुलित और आत्मविश्वासी बनें। अधिकारियों के अनुसार, शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा राजकीय विद्यालयों को इस दिशा में विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालयी शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विद्यालयों में योग गतिविधियां, 'आभार व्यक्त' सत्र और 'जादुई पिटारा' जैसे नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## राजस्थान : तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे दो भाइयों को रौंदा, एक की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के अलवर जिले में रूपबास स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास सड़क पर पैदल जा रहे दो मौसेरे भाइयों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। रैणी थाना पुलिस के अनुसार घटना शनिवार देर रात बाद एक बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि परबैणी निवासी सचिन मीणा (19) और उसका मौसेरा भाई आशीष मीणा (18) रात को पैदल कटी घाटी स्थित अपने कमरे पर जा रहे थे। रास्ते में जगन्नाथ मंदिर के समीप तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मार दी। उसने बताया कि सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आशीष मीणा कार के साथ काफी दूर तक घसीटता चला गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आशीष जयपुर में उपचाराधीन है।

## राजस्थान : रेडियो कॉलर लगाने के बाद बाघिन को मुकुंदरा हिल्स अभयारण्य में छोड़ा गया

**कोटा:** राजस्थान में कोटा स्थित मुकुंदरा हिल्स अभयारण्य में पांच हेक्टेयर के बाड़े में रखी गई एक बाघिन को बेहोशी का इंजेक्शन देने के बाद रेडियो कॉलर लगाया गया और फिर 21 हेक्टेयर के बड़े बाड़े में छोड़ा गया, ताकि उसे वन क्षेत्र में अनुकूलन के लिए चरणबद्ध तरीके से तैयार किया जा सके। 'एमटी-7' नाम की मादा शावक को उसकी मां की मौत के बाद रणथंभौर बाघ अभयारण्य से बचाया गया था। इसके बाद, उसे और एक अन्य शावक को अभेदा जैविक उद्यान ले जाया गया था, जहां दोनों को लगभग 22 महीनों तक कड़ी निगरानी में रखा गया था और उनमें शिकार करने की प्राकृतिक प्रवृत्ति विकसित करने के लिए विभिन्न जीवों को उनके संपर्क में लाया गया था। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, बाद में मादा शावक को मुकुंदरा हिल्स अभयारण्य में पांच हेक्टेयर के बाड़े में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसने लगभग 14 महीने बिताए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ में 12,930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया



**लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेरठ में लगभग 12,930 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि भाजपा की कार्य-संस्कृति यह सुनिश्चित करती है कि परियोजनाओं की नींव रखे जाने के बाद वे समय पर पूरी हो जाएं। मोदी ने मेरठ में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार की कार्य-संस्कृति को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'हमारी कार्य-संस्कृति है कि जिस कार्य का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए।' प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बाबा औघड़नाथ को स्मरण करते हुए की। उन्होंने कहा, 'इस पावन धरती पर, मेरठ की क्रांति धरा पर, आज 'विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत' के लिए नयी क्रांति को ऊर्जा मिल रही है।' मोदी ने कहा, 'आज पहली बार एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का एक ही दिन शुभारंभ हो रहा है। विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, यह उसकी शानदार झांकी है।' उन्होंने कहा, 'शहर के लिए मेट्रो और क्लीन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन, मुझे संतोष है कि यह काम उत्तर प्रदेश में हुआ है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती-झटकती नहीं हैं, नमो भारत या मेट्रो सेवा का शिलान्यास का अवसर आप सबने मुझे दिया था, और मुझे ही इनके लोकार्पण का सौभाग्य मिला है।' अपनी मेट्रो यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए मोदी ने कहा, 'साथियो, कुछ देर पहले मेट्रो में मैं सफर किया, छात्रों और अन्य यात्रियों से बातचीत हुई, सबका यही कहना था कि इतने शानदार काम की कल्पना भी नहीं की थी।' उन्होंने कहा कि सब पुराने दिनों को याद कर रहे थे और बहन-बेटियों ने बताया कि कुछ साल पहले तक शाम होते ही पूरे मार्ग पर सन्नाटा छा जाता था और यहां डर एवं भय का माहौल होता था। मोदी ने व्यवस्था में आए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा, 'एक तरफ कानून-व्यवस्था भी सुधरी है और दूसरी तरफ लोगों को सुविधापूर्ण एवं सुरक्षित यात्रा का माहौल मिला है। नमो भारत रैपिड रेल भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बनी है।'

## प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में मेरठ मेट्रो एवं नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और मेरठ दक्षिण स्टेशन तक मेट्रो रेल से भ्रमण किया। प्रधानमंत्री ने 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ नमो भारत गलियारे को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने भारत के 'नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम' (आरआरटीएस) के शेष खंडों का भी उद्घाटन किया। इनमें दिल्ली में सराय काले खान और न्यू अशोक नगर के बीच का पांच किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ (दक्षिण) और मोदीपुरम के बीच का 21 किलोमीटर का खंड भी शामिल है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' विजन की वैश्विक नेता भी सराहना कर रहे हैं: योगी आदित्यनाथ

**मेरठ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए व आधुनिक भारत का 'शिल्पी व निर्माता' बताते हुए कहा कि उनके 'विकसित भारत' विजन की वैश्विक नेता भी सराहना कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ गरीब-वंचित, अन्नदाता किसान, महिला व युवा समेत समाज के हर तबके को मिलना सुनिश्चित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को मेरठ में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इन सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश के विकास कार्यों की जितनी समीक्षा प्रधानमंत्री जी करते हैं, उतनी तो कोई मंत्री अपने विभागीय कार्यों की भी नहीं करता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा होली से ठीक पहले नमो भारत ट्रेन के साथ मेरठ मेट्रो का भी उपहार दिया जा रहा है। यह उपहार विकसित भारत की उस नींव को सुदृढ़ करने का नया माध्यम है, जिसमें अत्याधुनिक अवसंरचना के माध्यम से भारत की ताकत दिखती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले मेरठ से दिल्ली की दूरी एक चुनौती होती थी। इसे तय करने में चार से पांच घंटे तक मशक्कत करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली दूर है, यह मानते हुए लोग थक-हार कर बैठ जाते थे और सोचते थे कि जाम में फंसना पड़ेगा। आज 12 लेन के एक्सप्रेसवे से दिल्ली व मेरठ जुड़े हैं। मेरठ से दिल्ली पहुंचने में मात्र 45-50 मिनट लगते हैं। आज प्रधानमंत्री जी ने नमो भारत रैपिड रेल व मेरठ मेट्रो का नया उपहार दिया है, जो इस दूरी को और घटा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत के माध्यम से अत्याधुनिक-सुरक्षित तेज सार्वजनिक परिवहन सेवाएं आज भारत की पहचान बन रही हैं।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज



**प्रयागराज (उप्र):** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण के मामले में अदालत के आदेश पर प्रयागराज के झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शनिवार देर रात दर्ज किए गए मुकदमे में शंकराचार्य के शिष्य मुकुंदानंद का भी नाम है। प्रयागराज की बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अदालत ने शनिवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने अदालत में दो बच्चों को पेश करके उनके यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो कानून) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने प्रयागराज पुलिस की जांच रिपोर्ट के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और उनके सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए थे।

## विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग: मुख्यमंत्री भजनलाल



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और राज्य सरकार उनके कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा ने अंबाबाड़ी में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय के अधिकारियों, कर्मचारियों और बुद्धिजीवियों के राज्यस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि घुमंतू समुदाय के परिवारों को आश्रय उपलब्ध कराने के लिए आवासीय पट्टे वितरित किए गए और इन परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रावास की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 2026-27 के बजट के तहत राज्य स्तर पर कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य घुमंतू समुदायों के बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा, 'पहले चरण में प्रत्येक जिले में एक 'स्कूल ऑन व्हील्स' स्थापित किया जाएगा। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासन प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी शिक्षा शिविर भी स्थापित किए जाएंगे और छह माह के स्कूल 'रेडिनेस कैंप' चलाए जाएंगे ताकि प्रवासन के कारण नियमित पढ़ाई से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में लाया जा सके। शर्मा ने कहा कि घुमंतू समुदायों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समुदाय के युवाओं से राज्य के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

# झारखंड में 48 नगर निकायों के लिए आज को होगा चुनाव

**रांची:** रांची समेत झारखंड के 48 शहरी स्थानीय निकायों में सोमवार को चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। चुनाव में 43.43 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधे श्याम प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'रविवार सुबह मतदान दलों को रवाना कर दिया गया और उनके शाम तक अपने-अपने गंतव्यों पर पहुंचने की संभावना है। उनमें से कई पहले ही पहुंच चुके हैं। मतगणना 27 फरवरी को होगी।' उन्होंने कहा कि नौ नगर निगमों, 20 नगर परिषदों और 19 नगर पंचायतों के 1,042 वार्ड में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए चुनाव होने हैं। प्रसाद ने कहा कि 48 शहरी निकाय में 1,087 वार्ड हैं, लेकिन चुनाव 1,042 वार्ड में होंगे, क्योंकि 41 पार्षद पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं, जबकि कोई नामांकन प्राप्त नहीं होने के बाद तीन वार्ड खाली रह गए और मानगो नगर निगम के एक वार्ड में एक उम्मीदवार की मृत्यु के बाद चुनाव रद्द कर दिया गया है। महापौर और अध्यक्ष पद के लिए 235 महिलाओं सहित 562 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 2,727 महिलाओं सहित 5,562 उम्मीदवार वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। प्रसाद ने बताया कि चुनाव के लिए कुल 4,307 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## अदाणी ने झारखंड के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, दो बिजली परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा



**रांची:** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने रविवार को झारखंड के देवघर जिले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। अदाणी कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर नगरी पहुंचे और सीधे गर्भगृह में जाकर ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना की। पुजारियों की एक टीम ने पूजा-अनुष्ठान में उद्योगपति की सहायता की, जिसमें बेलपत्र अर्पित करना, पवित्र जल चढ़ाना और वैदिक मंत्रोच्चार शामिल था। मंदिर के दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में अदाणी ने कहा कि उन्होंने देश की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, बाबाधाम में पूजा करने की मेरी लंबे समय से इच्छा थी। झारखंड के देवघर जिले में स्थित बैद्यनाथ धाम, पूर्वी भारत के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां विशेष रूप से 'सावन' के महीने में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अदाणी समूह के एक प्रवक्ता ने बताया कि उद्योगपति गोड्डा में कंपनी के 1,600 (800 मेगावाट गुणा 2) मेगावाट क्षमता वाले 'अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल' ताप विद्युत संयंत्र के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके अलावा, वह बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती का भी दौरा करेंगे। वहां वह स्थापित किए जाने वाले 2,400 मेगावाट (800 मेगावाट गुणा 3) क्षमता के 'ग्रीनफील्ड अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल' संयंत्र की प्रगति का जायजा लेंगे।

## जनता की पीड़ा जैसे-जैसे बढ़ेगी, पीडीए और मजबूत होगा: अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और कुशासन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जनता की पीड़ा बढ़ेगी, पीडीए और मजबूत होगा। यादव ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के विकास के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा, 'हमें विकास नहीं मिल रहा है। वह कहां है? जो पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं, वे भ्रष्टाचार की पाइपलाइन हैं।' उन्होंने मूलभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए दावा किया कि खराब गुणवत्ता की वजह से पानी की टंकियां फट रही हैं और जमीन पर भ्रष्टाचार दिख रहा है। यादव ने कहा, 'जैसे-जैसे लोगों की पीड़ा बढ़ेगी, हमारा पीडीए (पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक) आंदोलन बढ़ेगा।' उन्होंने कहा कि सपा लोकतंत्र और समाज के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की रक्षा के लिए लोगों को एकजुट करने की कोशिशें जारी रखेगी।

# वायुसेना के सूर्यकिरण विमानों और सारंग हेलीकॉप्टर टीम ने जयपुर के आसमान में दिखाए रोमांचक करतब



**जयपुर:** भारतीय वायुसेना ने रविवार को जयपुर के जलमहल इलाके में एयर शो का आयोजन किया जिसमें सूर्यकिरण विमानों और सारंग हेलीकॉप्टर की टीम ने अपने करतब से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल हुए। नाहरगढ़ वायुसेना अड्डे से सारंग हेलीकॉप्टर टीम ने पांच ध्रुव हेलीकॉप्टर के जरिये आसमान में कई तरह के करतब दिखाए। इसके बाद इन हेलीकॉप्टर ने आई, क्रॉस, डॉल्फिन और डबल क्रॉस जैसी आकृतियां बनाई। सारंग टीम ने अपनी आखिरी प्रस्तुति में पांच हेलीकॉप्टर के साथ जयपुर को सलाम किया। फिर आसमान में तिरंगा बनाया। सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम के 9 हॉक 132 विमान ने शुरुआत में तेजस रचना बनाई। ब्रह्मोस, क्रॉस और दिल की आकृति बनाकर लोगों को रोमांचित किया। सूर्यकिरण विमानों ने 100 फीट से लेकर 1000 फीट तक की ऊंचाई पर अलग-अलग आकृतियां बनाई। राज्यपाल बागडे ने इस एयरशो को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अथक परिश्रम करने वाले सशस्त्र बलों के प्रति नागरिकों का सम्मान और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन ने लोगों में उत्साह भर दिया और 'मां भारती' के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को फिर से जागृत किया है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार के नवादा में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत



**नवादा (बिहार):** बिहार के नवादा जिले में एक मोटरसाइकिल के बिजली के खंभे से टकरा जाने के कारण उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के कठहरा मोड़ के पास शनिवार रात करीब 10 बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान प्रताप कुमार उर्फ विकास कुमार (20), इंद्रा मांझी (42) और सोनू कुमार उर्फ भोला चौधरी (20) के रूप में हुई है। ये सभी गया जिले के रेउला गांव के निवासी थे। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### बीएचयू के छात्रावास के बाहर गोलीबारी, तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**वाराणसी (उप्र):** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एक छात्रावास के बाहर कथित रूप से गोलियां चलने की आवाज सुनी गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि स्नातक के छात्र रोशन मिश्रा ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि शनिवार की रात वह बीएचयू में छात्रावास के बाहर खड़ा था तभी तीन लड़के मोटरसाइकिल पर आए और अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने हवा में गोली चलाई और इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना में कथित रूप से शामिल तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) वैभव बांगर ने बताया कि भेलूपुर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को बीएचयू में गोलीबारी की सूचना रात करीब साढ़े नौ बजे मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी तथा कई थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। एडीसीपी ने बताया, 'पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और छात्रों से औपचारिक शिकायत ली। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।'


### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते, दिल्ली में गिरफ्तारियों के खिलाफ युवा कांग्रेस का पटना में प्रदर्शन

**पटना:** युवा कांग्रेस के सदस्यों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और दिल्ली में एआई शिखर सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में अपने साथियों की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पटना में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के पुतले भी जलाए। दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में विरोध प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि और संगठन के प्रदेश सचिव कुंदन यादव शामिल हैं। चनपटिया से विधायक अभिषेक रंजन ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि युवा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई असहमति की आवाज को दबाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, 'अगर युवा, सरकार के गलत कार्य के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उन्हें दबा दिया जाता है ताकि कोई भी चुनौती देने की हिम्मत न करे...' रंजन ने दावा किया कि युवा कांग्रेस के नेता शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन हिरासत में लिए जाने से पहले पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) लगाने का प्रयास किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार पर बाहरी दबाव में आकर विदेशी राष्ट्रों के साथ एकतरफा व्यापार समझौते करने का भी आरोप लगाया। रंजन ने 'एपस्टीन फाइल' से जुड़ी खबरों का हवाला देते हुए पुरी के इस्तीफे की मांग की और इस पर चर्चा की मांग की।

### देवरिया में तैनात शिक्षक ने गोरखपुर में आत्महत्या की, मामला दर्ज

**गोरखपुर/देवरिया (उप्र):** गोरखपुर के गुलरिहा थाना इलाके में एक शिक्षक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। शिक्षक ने एक वीडियो संदेश और चार पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने देवरिया जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय के अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न और वित्तीय शोषण का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षक की पहचान कुशीनगर जिला निवासी कृष्ण मोहन सिंह (37) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सिंह गुलरिहा में अपने बड़े भाई के घर में परिवार के साथ रहते थे। उनकी तैनाती देवरिया जिले के गौरी बाजार विकास खंड के एक प्राथमिक स्कूल में थी। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह सिंह को कमरे में छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने बताया कि रिकॉर्ड वीडियो संदेश में सिंह ने दावा किया है कि उन्होंने कथित जांच से बचने के लिए, लगभग एक लाख रुपये दिए थे और इसके लिए बीएसए कार्यालय के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, मैं अपने बच्चों और पत्नी के लिए जीना चाहता हूं, लेकिन मैं बेबस हूं। सिंह वीडियो में कहा कि उनकी जेब में एक सुसाइड नोट है। पुलिस के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित इस नोट में आरोप लगाया गया है कि उन्हें और दो अन्य शिक्षकों को 'पहले की एक जांच से जुड़े मामलों को निपटाने' के लिए 20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति देने को कहा गया था। सिंह ने सुसाइड नोट में कथित तौर पर दावा किया कि भुगतान किश्तों में किया गया, जिसमें गहने गिरवी रखकर और रिश्तेदारों से उधार लेकर जुटाई गई धनराशि भी शामिल थी। पुलिस ने बताया कि सिंह की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, एक लिपिक और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## 'गुलाम मानसिकता वाले बिकाऊ' लोगों से सावधान रहें बसपा कार्यकर्ता : मायावती



**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि वे 'गुलाम मानसिकता' वाले 'बिकाऊ लोगों' से सावधान रहें। मायावती ने पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'बहुजन समाज के उत्थान के बजाय, अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए कार्य करने वाले गुलाम मानसिकता व बिकाऊ लोगों से सावधान रहें। ऐसे लोग बसपा के कारण ही आगे बढ़े। वे जब बसपा के नहीं हुये तो वे समाज के सच्चे हितैषी कैसे हो सकते हैं? ऐसे लोगों तथा उन्हें शरण देने वाली पार्टियों से भी अति सावधानी जरूरी है।' माना जा रहा है कि मायावती का यह परोक्ष निशाना कभी सबसे करीबी सहयोगी रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी पर था जो हाल में ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं।

## बिहार सरकार सब्जियों में आर्सेनिक के बढ़ते स्तर को रोकने के लिए वैज्ञानिकों की मदद लेगी



**पटना:** बिहार सरकार ने कुछ जिलों में पत्तेदार और अन्य सब्जियों में आर्सेनिक के बढ़ते स्तर की समस्या से निपटने के लिए वैज्ञानिकों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने के लिए एक जागरूकता अभियान शुरू करने की भी योजना बना रही है। यादव ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आर्सेनिक-दूषित भूजल के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में पत्तेदार सब्जियों, आलू सहित अन्य सब्जियों और फसलों में आर्सेनिक की मात्रा अधिक हो गई है। यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सब्जियों में आर्सेनिक के बढ़ते स्तर को रोकने के लिए लोक स्वास्थ्य और अभियंत्रण (पीएचईडी), स्वास्थ्य और लघु जल संसाधन विभागों के वैज्ञानिकों और अधिकारियों को लगाया जाएगा। बिहार कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पत्तेदार सब्जियों में आर्सेनिक की मात्रा 0.1 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम, आलू सहित जड़ वाली सब्जियों में 0.3 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम और धान की फसलों में 1.0 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम दर्ज की गई है। बिहार के पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह ने हाल में राज्य विधानसभा को बताया था कि 14 जिलों के भूजल में आर्सेनिक, 11 जिलों में फ्लोराइड और 12 जिलों में आयरन की मौजूदगी मिली है।

## मेघालय में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, 17,000 मीट्रिक टन कोयला और विस्फोटक बरामद

**शिलांग:** मेघालय पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में 17,000 मीट्रिक टन से अधिक कोयला और 25.5 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यह कार्रवाई थंगस्कू इलाके में पांच फरवरी को अवैध रूप से संचालित हो रही एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के बाद की। हादसे में 34 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। इस घटना के बाद पुलिस ने अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पूर्वी जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पंकज कुमार रसगनिया ने बताया कि जिला पुलिस ने 20 और 21 फरवरी की दरमियानी रात को छापेमारी की। इस दौरान खदानों से अवैध रूप से निकाला गया 17,322 मीट्रिक टन कोयला और 25.5 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। हालांकि, इस अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मुंबई हवाई अड्डे के फ्लाईओवर के नीचे 'सामुदायिक शहरी फार्म' विकसित किया जाएगा

**मुंबई:** मुंबई की उपेक्षित जगहों को फिर से जीवंत बनाने की कोशिशों के तहत बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के पास स्थित एक फ्लाईओवर के नीचे के क्षेत्र को विशाल सामुदायिक शहरी फार्म में तब्दील करने की योजना बनाई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना मुंबई में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (डब्ल्यूईएच) कॉरिडोर को लेकर संभवत: अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका मकसद 24,000 वर्ग फुट के इलाके को एक हरे-भरे कृषि क्षेत्र में बदलना है, जहां स्थानीय लोग फल, सब्जियां और अन्य पौधे उगा सकें।

## ईडी ने इस वित्त वर्ष में 500 आरोपपत्र दाखिल करने का लक्ष्य रखा; जांच एक-दो साल में पूरी करने पर जोर

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चालू वित्त वर्ष में धनशोधन के मामलों में 500 आरोपपत्र दाखिल करने का लक्ष्य रखा है और जांच अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मामला दर्ज होने के बाद, ''जटिल'' मामलों को छोड़कर, जांच एक से दो साल के भीतर पूरी की जाए। जांच एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इन उपायों पर पिछले साल 19-21 दिसंबर को असम की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित संघीय जांच एजेंसी के क्षेत्रीय अधिकारियों के 34वें त्रैमासिक सम्मेलन (क्यूसीजो) के दौरान चर्चा की गई और इन्हें अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता ईडी निदेशक राहुल नवीन ने की थी। ईडी ने एक बयान में कहा, ''पूर्वोत्तर क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इस क्षेत्र के रणनीतिक और परिचालन महत्व को दर्शाता है।'

## पंजाब पुलिस ने अमृतसर में हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से पांच अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद कर सीमा पार हथियार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे और उनके निर्देशों पर आपराधिक तत्वों को अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने में मदद कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमृतसर पुलिस ने सीमा पार से आने वाले अवैध हथियारों के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और पांच अत्याधुनिक पिस्तौल के साथ 10 कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि अमृतसर के छावनी पुलिस थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और अवैध हथियार नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# सशक्त व्यक्ति से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है:मोहन भागवत



**देहरादून:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ एक सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण की दिशा में काम कर रहा है। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यहां 'संघ यात्रा- नये क्षितिज, नये आयाम' विषय पर आयोजित एक जनगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में भागवत ने यह बात कही। उन्होंने कहा, ''संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है, क्योंकि सशक्त व्यक्ति से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। संघ की किसी संगठन से प्रतिस्पर्धा नहीं है, अगर राष्ट्र सशक्त होगा तो राष्ट्रवासी भी सशक्त होंगे। यदि राष्ट्र दुर्बल होगा तो व्यक्ति अपने ही देश में सुरक्षित नहीं रह पाएगा।'' भागवत ने कहा कि बाहर से देखकर संघ की वास्तविकता को नहीं समझा जा सकता। उन्होंने कहा कि पथ संचालन देखकर कुछ लोग संघ को अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, राष्ट्रप्रेम के गीत सुनकर संगीत मंडली मान लेते हैं, सेवा कार्य देखकर सेवा क्षेत्र का संगठन समझ लेते हैं किंतु संघ इन सीमाओं से परे एक व्यापक सामाजिक शक्ति है। इस संबंध में उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे चीनी की मिठास को जानने के लिए उसे चखना पड़ता है, वैसे ही संघ को समझने के लिए उसके कार्य में आना आवश्यक है। भागवत ने कहा कि एक लंबी ऐतिहासिक यात्रा के पश्चात आज विश्व भारत को पुनः नेतृत्वकारी भूमिका में देखने की आशा कर रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संघ की गतिविधियों से जुड़कर समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो जोड़ने का कार्य करे, वही हिंदू है। उन्होंने कहा, ' मातृभूमि के प्रति भक्ति अनिवार्य है। विश्व सत्य से अधिक शक्ति को समझता है, इसलिए शक्ति अर्जित करना आवश्यक है, किंतु उसका उपयोग मर्यादित होना चाहिए।' महिलाओं की भूमिका के बारे में भागवत ने कहा कि महिलाएं पूर्णतः स्वतंत्र हैं और देश संचालन में उनकी भागीदारी 33 प्रतिशत तक सीमित न होकर 50 प्रतिशत तक होनी चाहिए। उत्तराखंड की नदियों और पर्यावरण संरक्षण पर उन्होंने समन्वित नीति और स्थानीय सहभागिता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा में पाठ्यक्रम से अधिक शिक्षकों के संस्कारों को महत्वपूर्ण बताया। आरक्षण, वर्गीकरण और समान नागरिक संहिता जैसे विषयों पर उन्होंने कहा कि समाज को प्रमाणिकता और सद्भाव से कार्य करना चाहिए तथा विभाजन की मानसिकता से बाहर आना होगा।

# सहयोग, धैर्य और पेशेवर ईमानदारी पर आधारित करियर बनाएं : प्रधान



**रायपुर:** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कानून के छात्रों से सहयोग, धैर्य और पेशेवर ईमानदारी पर आधारित करियर बनाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके सहपाठी भविष्य में उनके सहकर्मी, अदालत में प्रतिद्वंद्वी और संभावित रूप से न्यायपालिका के सदस्य बन सकते हैं। यहां हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि स्नातक छात्र अनिश्चितता और जिम्मेदारी से भरी एक पेशेवर यात्रा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें एक सार्थक करियर सहयोगात्मक रूप से काम करने की क्षमता और पेशेवर विकास की दीर्घकालिक प्रकृति को अपनाने की इच्छा पर निर्भर करता है। स्नातकों, संकाय सदस्यों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में अपने संबोधन में प्रधान न्यायाधीश ने पेशेवर संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''जहां कानूनी शिक्षा अक्सर परीक्षाओं, रैंकिंग और प्लेसमेंट के माध्यम से प्रतिस्पर्धा पर जोर देती है, वहीं कानूनी पेशे की मूल भावना सहयोग के माध्यम से ही जीवित रहती है।'' उन्होंने कानूनी व्यवस्था और कई सहायक नदियों से बनी नदी के बीच समानता बताते हुए समझाया कि न्याय प्रशासन कनिष्ठों, वरिष्ठों, सहकर्मियों और यहां तक कि विरोधी वकीलों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। प्रधान न्यायाधीश ने स्नातकों को अपने साथियों के साथ सम्मान, सहानुभूति और निष्पक्षता से पेश आने की सलाह दी, यह देखते हुए कि सहपाठी भविष्य में सहकर्मी, अदालत में प्रतिद्वंद्वी और संभावित रूप से न्यायपालिका के सदस्य बनेंगे।

## राजकोट में अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत 1,489 अवैध संपत्तियां ढहाई जाएंगी

**राजकोट:** गुजरात के राजकोट में नगर निकाय के अधिकारियों ने रविवार को एक व्यापक अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया, जिसके तहत 1,489 अवैध संपत्तियों को ढहाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के आदेश के बाद राजकोट नगर निगम (आरएमसी) ने जंगलेश्वर इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त तुषार सुमेरा ने बताया कि आरएमसी पुलिस के सहयोग से जंगलेश्वर में अजी नदी के किनारे और नगर निगम के शहरी नियोजन में शामिल एक सड़क पर स्थित 1,489 संपत्तियों को ध्वस्त करेगी। सुमेरा के मुताबिक, नगर निकाय ने इलाके को खाली कराने का काम शनिवार को शुरू कर दिया था।

# असम विधानसभा चुनावों के लिए राजग में सीट बंटवारे समझौते पर 'सहमति बनी' : हिमंत



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीट साझा करने पर सहमति बन चुकी है। असम में राजग के घटक दलों में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), असम गण परिषद (एजीपी), यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के मौजूदा विधानसभा में सदस्य हैं। राभा हासोंग जौथा संग्राम समिति (आरए-चजेएसएस) और जनशक्ति पार्टी (जेपी) भी राजग का हिस्सा हैं, लेकिन राज्य विधानसभा में उनका कोई सदस्य नहीं है। हिमंत ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमारे गठबंधन में सहमति बन चुकी है। हम जानते हैं कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा; इस बारे में समझौता हो चुका है। गठबंधन बनाने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा, सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद प्रदेश नेतृत्व संभावित उम्मीदवारों की सूची के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेगा। हिमंत ने सात जनवरी को कहा था कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ सीट साझा करने के समझौते को 15 फरवरी तक अंतिम रूप दे सकती है। उन्होंने हालांकि, पिछले साल पांच दिसंबर को कहा था कि समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया 15 जनवरी तक पूरी होने की उम्मीद है। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मार्च-अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है। यह 2023 में हुए परिसीमन के बाद राज्य में पहला विधानसभा चुनाव होगा।

## घर में लगी आग बुझाने के दौरान गैस सिलेंडर में विस्फोट पुलिसकर्मियों समेत 14 लोग घायल



**नयी दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मजलिस पार्क में एक घर में लगी आग को बुझाने की कोशिश के दौरान एक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर फट गया, जिससे दमकलकर्मियों और पुलिसकर्मियों समेत 14 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घर में सुबह करीब नौ बजे आग लग जाने के बाद उसे बुझाने का प्रयास कर रहे तीन पुलिसकर्मी और तीन दमकलकर्मी रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, आग के कारण इमारत में और आसपास मौजूद कई स्थानीय लोग भी घायल हो गए। पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंचीं और उन्होंने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अभियान के दौरान एक एलपीजी सिलेंडर फट गया, जिससे आग बुझाने और निवासियों को निकालने की कोशिश कर रहे कई कर्मी घायल हो गए।'' उन्होंने बताया कि इस घटना में आदर्श नगर पुलिस थाने के तीन पुलिसकर्मी और वजीरपुर अग्निशमन कार्यालय के तीन अधिकारी घायल हो गए।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 33 घंटे जाम, 1 लाख वाहन चालकों को मिलेगा टोल रिफंड : एमएसआरडीसी

**मुंबई:** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस महीने की शुरुआत में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक गैस टैंकर दुर्घटना के बाद भीषण यातायात जाम में फंसे एक लाख से अधिक वाहन चालकों को कुल मिलाकर 5.16 करोड़ रुपये का टोल रिफंड मिलेगा। तीन फरवरी को एक्सप्रेसवे के खोपोली खंड पर एक गैस टैंकर पलट गया, जिससे 33 घंटे तक यातायात ठप रहा और कई किलोमीटर तक यातायात अवरूद्ध रहा, जिससे कई वाहन चालकों और यात्रियों को पानी, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा। दुर्घटना के बाद, प्रशासन ने टोल वसूली को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया था। हालांकि, तब तक कई वाहन चालकों के फास्टैग खातों से टोल शुल्क पहले ही काटे जा चुके थे।

## असम राइफल्स ने मिजोरम में 11.85 करोड़ रुपये की मेथामफेटामीन टैबलेट जब्त कीं



**कोलकाता:** असम राइफल्स ने मिजोरम के लांगतलाई जिले में लगभग 11.85 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित मेथामफेटामीन की गोलियां जब्त की हैं और म्यांमा के तीन नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। गिरफ्तारी और जब्ती की यह कार्रवाई शुक्रवार को उस वक्त हुई, जब चार लोग ने कोलाडाइन नदी को नाव के जरिए पार करके अवैध सामान के साथ भारत में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि सूचना मिलने पर काकिछुहा गांव में एक जांच चौकी स्थापित की गई और म्यांमा के तीन लोगों और एक भारतीय सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है कि उनके पास से लगभग 80,000 मेथामफेटामीन की गोलियां, जिनका वजन 3.9 किलोग्राम था, जब्त की गईं। इसमें कहा गया है कि जब्त की गई गोलियां और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मिजोरम पुलिस को सौंप दिया गया है।

## गुजरात तट पर पांच करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट जब्त, चार ईरानी नागरिक गिरफ्तार

**अहमदाबाद:** भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के पास अरब सागर में एक विदेशी नौका से लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट के 200 कार्टन जब्त किए तथा इस संबंध में चार ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया। तटरक्षक ने रविवार को बताया कि यह अभियान शनिवार को द्वारका तट के पास चलाया गया, जहां अल मुख्तार नामक एक जहाज से विदेशी कंपनी की सिगरेट के लगभग एक लाख पैकेट वाले 200 कार्टन जब्त किए गए। इस संबंध में, जहाज पर सवार चालक दल के चार ईरानी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जब्त की गई सिगरेट का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 2.5 करोड़ रुपये से पांच करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है। तटरक्षक के अनुसार, नौका को आगे की जांच और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चालक दल से संयुक्त पूछताछ के लिए गुजरात के पोरबंदर ले जाया जा रहा है।

## बर्लिन फिल्म महोत्सव में रीमा दास की 'नॉट ए हीरो' को 'क्रिस्टल बियर' विशेष सम्मान से नवाजा गया



**नयी दिल्ली:** फिल्मकार रीमा दास द्वारा निर्देशित फिल्म 'नॉट ए हीरो' को 2026 के बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 'क्रिस्टल बियर' विशेष सम्मान से नवाजा गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस फिल्म को बाल दर्शकों के साथ इसके गहरे जुड़ाव के लिए सराहा गया। फिल्म का प्रदर्शन पिछले सप्ताह 'जेनरेशन के-प्लस' प्रतिस्पर्धा श्रेणी में किया गया था। दास ने कहा कि यह उनके लिए बेहद सार्थक है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'यह फिल्म बच्चों को करीब से सुनने और उन पर भरोसा करने, उनकी शांत शक्ति, साहस और वे जो कुछ बनना चाहते हैं उसे चुनने के उनके अधिकार को ध्यान में रखकर बनाई गई। शहर और गांव के बीच के संपर्क पर बनी 'नॉट ए हीरो' एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो एक अनजान दुनिया में अपनी राह तलाशता है।

## शरीर में पानी की कमी के कारण शरद पवार को पुणे के अस्पताल में भर्ती कराया गया



**पुणे:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार को शरीर में पानी की हल्की कमी के बाद रविवार को पुणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि 85 वर्षीय राज्यसभा सदस्य की हालत स्थिर है। अस्पताल के मुख्य हृदयरोग विशेषज्ञ और अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. परवेज ग्रांट ने एक बयान में कहा, 'उनके शरीर में पानी की हल्की कमी हो गई थी जिसके कारण उन्हें रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया और उन्हें नसों के माध्यम से तरल पदार्थ दिए जाने की आवश्यकता है। उनकी हालत स्थिर है। वह दो दिनों तक अस्पताल में रहेंगे और उसके बाद उन्हें छुट्टी मिलने की उम्मीद है।'

## नालागढ़ पुलिस थाना विस्फोट: प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े दो आरोपी गिरफ्तार



**चंडीगढ़:** हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ पुलिस थाना में आईईडी विस्फोट मामले के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह विस्फोट इस साल की शुरुआत में हुआ था। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महावीर उर्फ काका और मनप्रीत उर्फ मणि के रूप में हुई है, दोनों पंजाब के एसबीएस नगर के निवासी हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि जालंधर स्थित पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग और काउंटर इंटेलिजेंस मोहाली ने एक संयुक्त अभियान में इन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आरोपियों के पास से नौ एमएम की एक ग्लॉक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े एवं विदेश में रह रहे सरगना गोपी नवाशेहरिया, जस्सी कुलम और सुशांत चोपड़ा के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

## डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर आंधी के कारण इंडिगो की उड़ान को इंफाल की ओर मोड़ा गया

**डिब्रूगढ़:** असम के डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर भीषण आंधी के कारण दृश्यता कम हो जाने के बाद अहमदाबाद से 144 यात्रियों को लेकर आ रही इंडिगो की एक उड़ान को रविवार को इंफाल की ओर मोड़ दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण चालक दल को डिब्रूगढ़ से विमान को मणिपुर में निकटतम उपयुक्त विकल्प की ओर मोड़ने का त्वरित निर्णय लेना पड़ा। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अहमदाबाद से गुवाहाटी होते हुए डिब्रूगढ़ जाने वाली फ्लाइट '6ई-6457' गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह 10.20 बजे रवाना हुई। उन्होंने कहा, ' हालांकि विमान को सुबह 11.15 बजे डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन आगमन के समय भारी आंधी चल रही थी, जिससे परिचालन में काफी बाधा आई। जमीन पर स्थितियां सुरक्षित उतरने के लिए आवश्यक न्यूनतम सुरक्षा मानकों से काफी नीचे थीं, और दृश्यता खतरनाक रूप से कम थी।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से विश्व के नेता प्रभावित हुए: मोदी

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह शिखर सम्मेलन एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में, लोगों से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और 'डिजिटल अरेस्ट' के प्रति सतर्क रहने का भी आग्रह किया और सभी से अपील की कि वे बैंकों द्वारा केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) के अनुरोधों का पालन करें क्योंकि यह किसी व्यक्ति के बैंक खाते की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में दिल्ली में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान देश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवोन्मेषी और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आए। उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट निर्णायक मोड़ साबित हुआ है।' मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उन्होंने विश्व के नेताओं को कई चीजें प्रदर्शित कीं, खासकर दो चीजें जिनसे वे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जानवरों का इलाज करने में मदद पहुंचा रही है और कैसे 24 घंटे एआई सहायता की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरा भारतीय संस्कृति से संबंधित उत्पाद था। उन्होंने कहा, 'दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम अपने प्राचीन ग्रंथों को, प्राचीन ज्ञान को, पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं और आज की पीढ़ी के अनुरूप उन्हें ढाल रहे हैं।'



### ओटीपी, आधार, बैंक विवरण साझा न करें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खातों के विवरण साझा न करने के सुझाव दिए। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खाते संबंधी जानकारी किसी को भी न दें। उन्होंने कहा कि जैसे हर मौसम के साथ खान-पान, पहनावा भी बदल जाता है, वैसे ही नियम से हर कुछ दिन के बाद अपना पासवर्ड भी बदल देना चाहिए। मोदी ने कहा कि उन्होंने पूर्व में 'डिजिटल अरेस्ट' के बारे में विस्तार से बात की थी, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन घोटालों के बारे में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हालांकि, ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।

### त्योहारों के दौरान 'स्वदेशी' उत्पादों का इस्तेमाल करें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को त्योहारों के दौरान 'स्वदेशी' उत्पादों के उपयोग की पुरजोर वकालत की और लोगों से हमेशा 'वोकल फॉर लोकल' रहने का आग्रह किया। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि इस्लाम का पवित्र माह रमजान मनाया जा रहा है और उन्होंने सभी को इसके लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में होली का पर्व भी आ रहा है और इसका मतलब है कि रंग, गुलाल तथा हंसी-खुशी से भरा समय दस्तक देने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आप सभी अपने परिवार और अपनों के साथ खुशी से सारे त्योहार मनाएं। और हां, कुछ मंत्र हमेशा याद रखें जैसे 'वोकल फॉर लोकल'। प्रधानमंत्री ने कहा कि होली उत्सव या अन्य उत्सवों में भी कई विदेशी उत्पाद बाजार में आ गए हैं।

# कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा भाजपा में शामिल



**गुवाहाटी:** कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। इसके कुछ ही घंटों बाद, भाजपा ने बोरा को प्रदेश कार्यकारी समिति में शामिल किया। भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय 'वाजपेयी भवन' में आयोजित एक समारोह के दौरान बोरा भाजपा के सदस्य बन गए। उनके साथ ही पूर्व कांग्रेस नेता संजू बोरा, राजेश कुमार जोशी, कंगन दास, गगन चंद्र बोरा और विपक्षी दल के कई अन्य कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हो गए। बोरा ने 16 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था, जिसे पार्टी आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया था और वरिष्ठ नेता उनके आवास पर पहुंचे थे। राहुल गांधी ने भी उनसे बात की थी। बोरा ने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए समय मांगा था लेकिन अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा उनके आवास पर गए और घोषणा की कि वह 22 फरवरी को भाजपा में शामिल हो जाएंगे। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मार्च-अप्रैल में चुनाव होना है। बोरा ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, 'मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों के बारे में आत्मनिरीक्षण किया जाएगा और मुझे यह उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने उनकी ''भावनाओं को ठेस पहुंचाई'' है। बोरा ने आरोप लगाया, ''कांग्रेस ने असमिया समुदाय की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है। मैंने विचारधारा, अंतरात्मा और देशभक्ति के साथ 32 वर्षों तक कांग्रेस की सेवा की; लेकिन अब मुझे दुख हुआ है।'

## पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले दंपति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नयी दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में एक दंपति ने किराये के मकान में एयर कंडीशनर लगवाने के दौरान हुए विवाद को लेकर अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को 'धंधेवाली' कहा। साथ ही आरोपियों ने इन महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर नस्ली टिप्पणियां कीं, उन्हें अपमानित किया तथा धमकाया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी दंपति-हर्ष सिंह और रूबी जैन-के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और धर्म, जाति आदि के आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देने से जुड़ी धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 फरवरी को अपराह्न लगभग 3:30 बजे उस समय हुई, जब महिलाओं ने चौथी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट में एयर कंडीशनर लगवाने के लिए इलेक्ट्रिशियन को बुलाया।

# दक्षिण अफ्रीका ने ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत को 76 रन से रौंदा




**अहमदाबाद :** आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए भारत को 76 रन से पराजित कर उसके विजय अभियान पर विराम लगा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट पर 187 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत खराब रही और 20 रन तक तीन विकेट गिर गए, लेकिन इसके बाद डेविड मिलर (63 रन, 35 गेंद) और डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन, 29 गेंद) ने चौथे विकेट के लिए 97 रन की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। मिलर ने सात चौके और तीन छक्के लगाए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 44 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए और अर्शदीप सिंह को दो सफलता मिली। 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। इशान किशन और तिलक वर्मा बिना प्रभाव छोड़े पवेलियन लौट गए। पावर प्ले में ही भारत ने तीन विकेट पर 31 रन बना लिए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर और हार्दिक पंड्या भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। मार्को यानसेन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 22 रन पर चार विकेट चटकाए। केशव महाराज ने तीन और कोर्बिन बॉश ने दो विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी को पूरी तरह धराशायी कर दिया। शिवम दुबे ने 42 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला। पूरी भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। यह मौजूदा टूर्नामेंट में भारत की पहली हार है और रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी शिकस्त भी।

### हम इससे बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे: सूर्यकुमार

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के एकतरफा मैच में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी शिकस्त के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम बल्लेबाजी में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, ''शुरुआत में हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। सात से 15वें ओवर के बीच उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर हमने वापसी की।'' उन्होंने कहा, ''बहुत अच्छी गेंदबाजी की लेकिन और बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। कभी-कभी आपको सोचना पड़ता है कि आप पावरप्ले में मैच नहीं जीत सकते लेकिन आप मैच हार सकते हैं। हमें जिन साझेदारी की जरूरत थी वे नहीं हुईं। यह खेल का हिस्सा है। हम इससे सीखेंगे और वापसी करेंगे।''

### मार्च में दोहा में होगी आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।'' आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, ''इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।''

### धोनी आईपीएल के लिए उपलब्ध, शायद सभी मैच नहीं खेलेंगे

**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र की तैयारियों के बीच एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि क्या दिग्गज पूर्व कप्तान इस साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सभी मैचों में खेलते नजर आएंगे? फ्रेंचाइजी के एक शीर्ष सूत्र ने इसकी पुष्टि की कि 45 वर्ष के होने जा रहे धोनी आगामी आईपीएल सत्र के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ उपलब्ध रहेंगे। टीम में इस बार बड़ी रकम के साथ ट्रेडिंग के जरिए संजू सैमसन के शामिल होने के बाद हालांकि यह संभावना कम मानी जा रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान लीग चरण के सभी मुकाबलों में खेलेंगे। सीएसके के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, हम यह पुष्टि कर सकते हैं कि वह चेन्नई आ रहे हैं और उन्होंने सत्र के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। सूत्र ने कहा, ''वह सभी मैच खेलेंगे या नहीं, यह हम फिलहाल नहीं कह सकते।''

## जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प के सामने होगी वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की परीक्षा

**मुंबई :** बेहद आत्मविश्वास से भरी वेस्टइंडीज की टीम को सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प से सतर्क रहना होगा। यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है और वे यह सिलसिला जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने पहले दौर में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन काम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आगे और भी कड़ी चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की यह उस प्रारूप में कड़ी परीक्षा होगी जिसमें वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपने कौशल का ऐसा नमूना पेश करते हैं जैसा शायद ही कोई अन्य टीम कर पाती है। पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग वाली टीम ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है लेकिन उसके लिए निरंतरता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी। वेस्टइंडीज ने लगातार चार मैच में जीत हासिल करके यह सुनिश्चित कर लिया है कि टी20 विश्व कप से पहले सात द्विपक्षीय शृंखलाओं में मिली हार अब अतीत की बात हो गई है।

**किसी भी टीम को हल्के से ना लें, इससे आप लक्ष्य से भटक सकते हो: सैमी**

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के रविवार को होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को आगाह किया कि वह जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम करके आंकने की गलती नहीं करें क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। सैमी ने इसके साथ ही कहा कि जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी और उनका मानना है कि इसी वजह से जिम्बाब्वे ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया और ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। जिम्बाब्वे ने ग्रुप चरण में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सबको चौंका दिया था।

## तेजल और प्रेमा चमके, भारत ए ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता




**बैंकॉक :** तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को यहां कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। भारत ए ने 2023 में पहले टूर्नामेंट के फाइनल में भी बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सूर्यवंशी को सम्मानित किया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को 50 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। सूर्यवंशी की रिकॉर्ड सेंचुरी की मदद से भारत ने छह फरवरी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का खिताब जीता था। समस्तीपुर जिले के रहने वाले 14 साल के इस खिलाड़ी ने 80 गेंद पर 218 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाए और उन्हें मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक सूर्यवंशी को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास परिसर में 'संकल्प सभागार' में चेक और शॉल देकर सम्मानित किया गया। नीतीश ने कहा, ''अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा से वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। मैं उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए नई उपलब्धियां बनाने और देश का नाम रोशन करने में सफलता की कामना करता हूं।'' उन्होंने कहा कि इस युवा क्रिकेटर के प्रदर्शन ने बिहार को गौरवांवित किया और भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और बिहार क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि मौजूद थे। सूर्यवंशी के परिवार के सदस्य भी इस समारोह में शामिल हुए। इस बीच दानापुर में हुए एक अलग कार्यक्रम में सूर्यवंशी को टाटा मोटर्स ने एक कार भेंट की।

### भारतीय मूल के खिलाड़ी अपने-अपने देशों का नाम रोशन कर रहे हैं, यह भारतीयता की पहचान है: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय मूल के अनगिनत खिलाड़ी अपने-अपने देशों का नाम रोशन कर रहे हैं और यह भारतीयता की पहचान है क्योंकि वे जहां भी जाते हैं भारतीय अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं और जिस जगह पर वे रहते और काम करते हैं उसके विकास में योगदान देते हैं। अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो संबोधन में मोदी ने कहा कि भारतीय मूल के कई खिलाड़ी उन देशों का नाम रोशन कर रहे हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं और यह मौजूदा टी20 विश्व कप में साफ दिखाई दे रहा है। मोदी ने कहा, ''मैं अक्सर कहता हूं, 'जो खेलता है, वही खिलता है'। खेल हमें एकजुट भी करते हैं। इन दिनों आप टी20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे और मुझे पूरा यकीन है कि मैच देखते समय कई बार आपकी नजर किसी खास खिलाड़ी पर टिकी होगी।'' उन्होंने कहा, ''जर्सी किसी और देश की होती है लेकिन नाम सुनते ही लगता है कि यह व्यक्ति हमारे देश का है। फिर दिल के किसी कोने में हल्की सी खुशी होती है।''

## सॉल्ट के अर्धशतक के बाद आर्चर, जैक्स की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया




**पाल्लेकल :** टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मुकाबले में इंग्लैंड ने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका को 51 रन से पराजित किया। फिल सॉल्ट के अर्धशतक के बाद जोफ्रा आर्चर और विल जैक्स की घातक गेंदबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह इंग्लैंड के पक्ष में मोड़ दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालगे (26 रन पर तीन विकेट) और तीक्षणा ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को नौ विकेट पर 146 रन तक सीमित कर दिया। एक समय इंग्लैंड 10 ओवर में चार विकेट पर 68 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। ऐसे में फिल सॉल्ट ने 40 गेंदों पर 62 रन की दमदार पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उनकी पारी में छह चौके और दो छक्के शामिल रहे। विल जैक्स ने भी 14 गेंदों पर 21 रन का उपयोगी योगदान दिया। हालांकि सॉल्ट के आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई। 147 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत उससे भी खराब रही। आर्चर और जैक्स ने पावरप्ले में कहर बरपाते हुए छठे ओवर तक श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 34 रन कर दिया। पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और अन्य शीर्ष बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौट गए। जैक्स ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि आर्चर ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो सफलता हासिल की। लियाम डॉसन और आदिल रशीद ने भी दो-दो विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी। कप्तान दासून शनाका ने 30 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन पूरी टीम 16.4 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सुपर आठ चरण में मजबूत शुरुआत की।

समाज्ञा
व्यापार

# अदाणी ने झारखंड और बिहार में 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की



**रांची :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को झारखंड और बिहार में समूह की परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रमुख बिजली निवेश की समीक्षा की, जो पूर्वी भारत में समूह की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि अदाणी ने झारखंड के आदिवासी बहुल गोड्डा जिले में 16,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से निर्मित 1,600 मेगावाट क्षमता वाले अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप बिजली संयंत्र के परिचालन की समीक्षा की। प्रवक्ता ने कहा कि यह संयंत्र एक दीर्घकालिक समझौते के तहत विशेष रूप से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति करता है, जिससे यह परियोजना महत्वपूर्ण हो जाती है। इस सुविधा से क्षेत्र में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने और रेल संपर्क मजबूत होने का दावा किया गया है। पड़ोसी राज्य बिहार में अदाणी ने भागलपुर के पास पीरपैंती में समूह की प्रस्तावित 2,400 मेगावाट की अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल बिजली परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस परियोजना में 27,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है और इसके अगले चार से पांच वर्षों में चालू होने की उम्मीद है। प्रवक्ता ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य राज्य में बढ़ती औद्योगिक और शहरी बिजली मांग को पूरा करना है। देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ताप बिजली उत्पादक कंपनी अदाणी पावर (एपीएल) को पिछले साल अगस्त में बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) से 25 साल तक बिजली की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए आवंटन पत्र (एलओए) मिला था।

### कोल इंडिया की छत्तीसगढ़ की गेवरा खदान अगले साल तक होगी दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खान: अधिकारी

**कोरबा (छत्तीसगढ़) :** कोल इंडिया की गेवरा खदान अगले साल 6.3 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर अमेरिका की खदानों को पीछे छोड़ देगी और दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक खदान बन जाएगी। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा संचालित गेवरा खदान भारत की सबसे बड़ी खुली (ओपनकास्ट) कोयला खदान है। वर्ष 1981 से संचालित गेवरा खदान इस वर्ष 5.6 करोड़ टन कोयले का उत्पादन करेगी। खदान को अपनी क्षमता बढ़ाकर सात करोड़ टन प्रति वर्ष करने के लिए पर्यावरण मंजूरी पहले ही मिल चुकी है।

### आरबीआई ने संभावित सीमापार हमलों, भूकंप जोखिम वाले स्थानों से दूर बनाया डेटा सेंटर

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की महत्वपूर्ण वित्तीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मुख्य प्रणालियों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से ओडिशा में एक उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर बनाया है। यह केंद्र संभावित सीमापार खतरों और भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रणनीतिक रूप से स्थित है। विश्लेषकों और अधिकारियों के अनुसार, भुवनेश्वर में बना यह नया केंद्र केंद्रीय बैंक की मुख्य कंप्यूटर प्रणाली और तकनीकी सुविधाओं के लिए बनाया गया है, जो मुद्रा प्रबंधन, भुगतान-निपटान और नियामकीय डेटा को संभालेंगे। एक विश्लेषक ने बताया, जब आरबीआई ने 2023 में खुर्दा के इन्फो वैली में 18.55 एकड़ के अपने परिसर का निर्माण शुरू किया, तब बहुत कम लोगों ने इसकी जगह पर सवाल उठाया। संचालन और व्यवस्थापना के अलावा, इस स्थान को चुनते समय रणनीतिक सुरक्षा और सुरक्षित स्थिति जैसे महत्वपूर्ण कारणों को भी ध्यान में रखा गया होगा।

## ट्रंप के शुल्क निर्णय, एफएंडओ निपटान की वजह से शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव



**नयी दिल्ली :** घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों, मासिक वायदा व विकल्प (एफएंडओ) निपटान और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्कों में की गई बढ़ोतरी से जुड़े वैश्विक घटनाक्रमों के कारण अगले सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मौद्रिक संकेतों से भी बाजार की दिशा तय होगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, आगामी सप्ताह में बाजार के अस्थिर रहने की संभावना है, विशेष रूप से 24 फरवरी को होने वाले मासिक एफएंडओ निपटान के कारण। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों, विदेशी मुद्रा भंडार और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के उत्पादन के आंकड़ों पर रहेगी। उन्होंने कहा कि निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के नए कार्यकारी आदेश के निहितार्थों का भी आकलन करेंगे, जो व्यापार की स्थिति, शुल्क संरचना और वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। यह घटनाक्रम शुल्कों पर अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले के बाद सामने आया है।

## भारतीय डाक के पास 38 करोड़ बचत खातों में 22 लाख करोड़ रुपये: केंद्रीय मंत्री



**गुंटूर (आंध्र प्रदेश) :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को बताया कि भारतीय डाक के पास लगभग 38 करोड़ बचत खाते हैं, जिनमें 22 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जमा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय डाक में सुकन्या समृद्धि योजना के 3.8 करोड़ खाते हैं, जिनमें 2.27 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। सुकन्या समृद्धि योजना एक सरकारी बचत योजना है, जो लड़कियों के माता-पिता के लिए बनाई गई है। इसके जरिए वे अपनी बेटी की पढ़ाई और भविष्य के लिए पैसे बचा सकते हैं। ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन में सिंधिया ने बताया कि भारतीय डाक का मेल नेटवर्क तेजी से आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डाक को आसानी से और जल्दी छांटने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी), बारकोड और क्यूआर कोड जैसी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि डाक सेवाओं की गति और गुणवत्ता बेहतर हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''डाकघर बचत बैंक खातों की संख्या लगभग 38 करोड़ है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश में, यह महत्वपूर्ण है। देश भर में ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा 22 लाख करोड़ रुपये का प्रबंधन किया जा रहा है।''

## एंब्रेयर का केसी-390 मिलेनियम: भारत के सैन्य परिवहन के लिए नया विकल्प



**नयी दिल्ली :** भारतीय वायु सेना के लिए 80 सैन्य परिवहन विमान खरीदने की प्रक्रिया तेज होने के बीच, ब्राजील की विमानन कंपनी एंब्रेयर ने अपने केसी-390 मिलेनियम विमान को सबसे बहुउपयोगी विकल्प के रूप में पेश किया है। कंपनी का कहना है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) द्वारा इस विमान को अपनाने के बाद इसे अब वैश्विक मानक के रूप में देखा जा रहा है। एंब्रेयर के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फ्रांसिस्को गोम्स नेटो ने पीटीआई-भाषा के साथ एक विशेष साक्षात्कार में केसी-390 को सबसे बेहतर कई मिशन में काम आने वाला विमान बताया। उन्होंने कहा कि अगर भारत का अनुबंध एंब्रेयर को मिलता है, तो कंपनी भारत को अपने विमान निर्माण का मुख्य केंद्र बनाएगी, ताकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की जरूरतों को पूरा किया जा सके। एंब्रेयर के सीईओ ने यह भी बताया कि कंपनी भारत में केसी-390 संचालकों के लिए एक विशेष क्षेत्रीय एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल) केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही कंपनी रक्षा और नागर विमानन क्षेत्रों में भारत के साथ दीर्घकालिक सहयोगात्मक संबंध बनाने की योजना भी बना रही है। शीर्ष अधिकारी ने कहा कि स्वीडन, नीदरलैंड और पुर्तगाल समेत कई प्रमुख नाटो सदस्यों द्वारा केसी-390 को अपनाने के कारण इसे लॉकहीड मार्टिन के सी-130जे विमान के लंबे समय से चल रहे प्रभुत्व का रणनीतिक विकल्प माना जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि केसी-390 नई पीढ़ी का परिवहन और हवाई ईंधन भरने वाला विमान है। यह जेट इंजन से संचालित होता है और 26 टन तक भार उठा सकता है, जबकि सी-130जे केवल 20 टन का भार उठा सकता है। उन्होंने कहा, यह विमान तेज है, अधिक भार उठा सकता है, लंबी दूरी तय कर सकता है और इसके संचालन में खर्च भी कम है। इसके इस्तेमाल से कम विमानों में वही कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने भारत-ब्राजील संबंधों में सुधार और दीर्घकालिक सहयोग पर भी जोर देते हुए कहा कि केसी-390 परियोजना दोनों देशों के भविष्य की दृष्टि के अनुकूल है। एम्ब्रेयर नागरिक विमानन क्षेत्र में भी सक्रिय है। ब्राजील की यह कंपनी और अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत के क्षेत्रीय परिवहन विमान (आरटीए) कार्यक्रम के लिए ई175 क्षेत्रीय विमान की अंतिम संयोजन लाइन स्थापित करने के लिए विस्तारित समझौता किया है। दोनों कंपनियां मिलकर विमान निर्माण, आपूर्ति श्रृंखला, मरम्मत सेवाओं, पायलट प्रशिक्षण और ऑर्डर सुनिश्चित करने सहित सभी पहलुओं पर काम कर रही हैं ताकि भारत में एक एकीकृत आरटीए परिवेश विकसित किया जा सके।

### इजराइल को 2027 तक भारतीय पर्यटकों की संख्या कोविड-पूर्व स्तर पर पहुंचने की उम्मीद

**मुंबई :** कोविड-19 और युद्ध के कारण पैदा हुए संकट से उबरने की कोशिश कर रहे इजराइल को उम्मीद है कि वह 2027 तक भारतीय पर्यटकों की संख्या के मामले में 2019 के स्तर लगभग 69,000 पर वापस पहुंच जाएगा। इजराइल में साल 2019 में भारत से 65,100 पर्यटक आए थे। पर्यटन मामलों की वाणिज्यदूत गालित हॉफमैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'हमने पहले कोविड-19 और फिर युद्ध जैसे संकट का सामना किया, जिससे हमारा पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ। साल 2019 में भारत से 65,100 पर्यटक इजराइल आए थे। यदि स्थितियां अनुकूल रहती हैं और हमें 2019 की तरह ही प्रचार प्रसार का मौका मिलता है, तो हमें उस स्तर यानी लगभग 69,000 के आंकड़े तक पहुंचने में डेढ़ से दो साल और लगेंगे। उम्मीद है कि 2027 तक हम यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। दुनिया भर के यात्रा उद्योग को प्रभावित करने वाले कोविड-19 संकट के बाद सात अक्टूबर, 2023 को हमास के साथ शुरू हुए युद्ध ने इजराइल के पर्यटन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया, क्योंकि कई देशों ने इस पश्चिम एशियाई देश के लिए अपनी उड़ानें रोक दी थीं।

### सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी, प्रतिबंधों के दबाव में रूस से कच्चे तेल का आयात घटा

**नयी दिल्ली :** भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3512 अंक 322 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in